मैनपाट में एक डिग्री का टेंप्रेचर, बलरामपुर, सूरजपुर में पाला जमने का दौर

अंबिकापुर का न्यूनतम पारा 3.3 और माना का 6.6 रिकार्ड किया गया

हरिभूमि
# रायपुर भूमि







## अंबिकापुर ही नहीं माना में भी ठंड ने तोड़ा 9 बरस का रिकार्ड, सर्दभरी हवा से ठिठुरा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार की सर्दभरी हवा ने लोगों को ठिठुराने के साथ पिछले कई साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। प्रदेश के उत्तर के साथ मध्य इलाकों में ठंड के दौरान ऐसी स्थिति नहीं बनी थी। अंबिकापुर ही नहीं, माना में भी पिछले नौ साल के इतिहास में तापमान में इतनी गिरावट नहीं हुई है। रात में सर्दभरी हवा का प्रकोप जारी है और इस बार ठंड का सीजन कुछ लंबा ही होने का अनुमान है। नवंबर में अपनी मौजूदगी का अहसास दिलाने वाली ठंड ने पूरे दिसंबर और जनवरी के प्रथम सप्ताह में लोगों को ठिठुराने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। जनवरी में पिछले तीन दिन से पड़ रही ठंड ने कई सालों के रिकार्ड को प्रभावित कर दिया है। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### दिन में भी गर्म कपड़े की जरूरत

*रात में मौसम पूरी तरह ठंडा होने के बाद दिन में धूप अपना बहुत अधिक असर नहीं दिखा पा रही है। ठंडकता का माहौल होने की वजह से दिन में भी गर्म कपड़े की आवश्यकता पड़ रही है। पिछले चौबीस घंटे में शहर में ठंड का खासा असर रहा है। रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के करीब रहने के बाद दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंच पाया।*

### ऐसा रहा तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 10.9 | 27.7 |
| माना | 6.6 | 27.1 |
| बिलासपुर | 10.4 | 27.1 |
| पेंड्रा | 7.6 | 23.6 |
| अंबिकापुर | 3.3 | 23.9 |
| जगदलपुर | 8.4 | 29.1 |
| दुर्ग | 8.0 | 27.4 |



## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश पर हत्या की कोशिश, दो को सात-सात वर्ष कैद

**रायपुर।** गोबरा नावापारा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व आपसी रंजिश पर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा ने लल्लू उर्फ टकेश्वर टंडन तथा उसके भाई गोलू उर्फ नंद किशोर को सात-सात वर्ष कैद के साथ जुमने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक जगदीश कुमार अग्रवाल के अनुसार दोनों भाइयों ने आपसी रंजिश पर 10 सितंबर 2023 को टोमन बिफरे पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या की कोशिश की थी।

### एपीके फाइल भेज कर लाखों की ठगी

**रायपुर।** विधानसभा थाना में एक कंपनी के डायरेक्टर ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ फर्जी परिवहन ई-चालान के नाम से एपीके फाइल भेज कर साढ़े चार लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राज्य में डायल 108 की सेवा देने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस के डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया है कि उसके पास 12 सौ रुपए स्पीड लिमिट पेनाल्टी का मैसेज आया। मैसेज क्लिक करने पर एक लिंक आया। लिंक खोलने पर धर्मेंद्र के अकाउंट से पैसे जालसाज के अकाउंट में ट्रांसफर हो गए।

### विवाद शांत कराने गए युवक पर चाकू से हमला, पांच वर्ष कैद

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व विवाद शांत कराने गए युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंह ने लोकू उर्फ लोकेश्वर ध्रुव को पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार 26 दिसंबर 2021 को चीचा गांव में सतनाम जयंती कार्यक्रम में लोकेश्वर तथा उसके साथी अन्य लड़कों के साथ विवाद कर रहे थे। सागर डहरिया विवाद शांत कराने मौके पर पहुंचा।

### आदर्श संकल्प सोसाइटी में सूरज बने अध्यक्ष



**रायपुर।** नगर निगम की कॉलोनी आदर्श संकल्प सोसायटी प्रधानमंत्री आवास योजना 232 लाभाडी में समित का चुनाव हुआ। इस चुनाव में कालोनी में निवास करने वाले 232 परिवारों ने हिस्सा लिया। कुल 413 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर समिति गठन में भागीदारी निभाई। मतगणना के बाद घोषित परिणाम में सूरज यादव ने 246 मत हासिल कर आदर्श संकल्प सोसायटी के तीसरी बार अध्यक्ष बने। वहीं उनके प्रतिद्वंदी डोमेश्वर यादव को 145 मत हासिल हुए उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस अवसर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू एवं प्रधानमंत्री आवास से उप अभियंता मानसी सिंघानिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्सान देखने को मिला और विजयी प्रत्याशी सूरज यादव का स्वागत किया गया।

### विद्यालयों ने जिला शिक्षा कार्यालय को प्रेषित किए अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, दिसंबर में हुए थे पर्चे

## दसवीं में 33% व बारहवीं में 22% छात्र अनुत्तीर्ण राजधानी में मात्र तीन स्कूल ही ऐसे, जहां सभी पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिसंबर में आयोजित की गई दसवीं-बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के नतीजे विद्यालयों द्वारा प्रेषित कर दिए गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा अब इन परिणामों की समीक्षा की जा रही है। इसके आधार पर वार्षिक परीक्षा परिणामों के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। छमाही परीक्षा में दसवीं कक्षा के 33 प्रतिशत और बारहवीं कक्षा के 22 प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। दोनों ही कक्षाओं में मात्र तीन विद्यालय ही ऐसे रहे हैं, जहां के परिणाम 100 प्रतिशत रहे हैं। जिन स्कूलों के परिणाम 100 प्रतिशत रहे हैं, वहां के छात्रों को मेरिट लिस्ट में लाने कवायद की जाएगी। इसके उलट जहां परिणाम कमजोर रहे हैं, वहां के छात्रों की पढ़ाई बचे हुए दिनों में इस तरह से कराई जाएगी कि वे उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम अंक हासिल कर सकें। दसवीं कक्षा में रायपुर जिले में 15 हजार 933 पंजीकृत हैं, ▶▶| शेष पेज 13 पर

खास खबर

**इन स्कूलों के नतीजे रहे हैं शत प्रतिशत**

**कक्षा-दसवीं**

1. स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंध समिति, गनियारी, तिल्दा
2. शासकीय उच्च विद्यालय बकतरा, आरंग
3. पीटी गिरजा शंकर मिश्रा उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायपुरा

**कक्षा- बारहवीं**

1. स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय प्रबन्ध समिति, गनियारी, तिल्दा
2. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल मायाराम सुरजन, चौबे कॉलोनी
3. सरदार प्रीतम सिंह सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्याम नगर



■ मिशन उत्कर्ष : नतीजों के आधार पर वार्षिक परीक्षाओं के लिए तैयार होगी रणनीति

**ब्लॉक आधार पर ऐसे रहे परिणाम**

**कक्षा-दसवीं**

| ब्लॉक | कुल छात्र | उत्तीर्ण |
|---|---|---|
| तिल्दा | 2318 | 67.56% |
| अभनपुर | 2578 | 66.06% |
| आरंग | 3440 | 67.88% |
| धरसींवा | 7597 | 67.30% |
| कुल | 15933 | 67.26% |

**कक्षा- बारहवीं**

| ब्लॉक | कुल छात्र | उत्तीर्ण |
|---|---|---|
| तिल्दा | 1822 | 77.55% |
| अभनपुर | 2039 | 77.78% |
| आरंग | 2278 | 78.4% |
| धरसींवा | 6510 | 78% |
| कुल | 12649 | 77.97% |

### प्रतिमाह टेस्ट

शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत से ही जिले में मिशन उत्कर्ष चलाया जा रहा है। जिले के छात्र दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में अपना स्थान बना सकें तथा अधिकतम विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहें, इस दिशा में अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। जुलाई माह से ही छात्रों का मासिक टेस्ट लिया गया। मासिक टेस्ट के अंक नियमित रूप से स्कूलों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय में प्रेषित करने निर्देश सत्र के प्रारंभ में दिए गए थे। नतीजों के अंक अपडेट करने स्कूलों को गूगल फॉर्म दिया गया है। इसके माध्यम से ही अंकों की मॉनिटरिंग हो रही है। अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा बैठक कुछ दिनों के अंतराल में आयोजित की जाएगी ताकि वार्षिक परीक्षा के लिए रणनीति बनाकर तैयारियां प्रारंभ की जा सकें।

### 80% से अधिक परिणाम वाले 95 विद्यालय

दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में 100% परिणाम वाले 3-3 स्कूल हैं। दसवीं कक्षा में 90% से अधिक परिणाम वाले 9 विद्यालय हैं। 80% से अधिक परिणाम वाले 32 स्कूल हैं। इसी तरह से बारहवीं कक्षा में 90% अथवा इससे अधिक परिणाम वाले स्कूलों की संख्या 20 जबकि 80% अथवा इससे अधिक अंक वाले स्कूलों की संख्या 63 है। जिन स्कूलों के परिणाम अच्छे आए हैं, उनकी रणनीतियां भी जानी जाएंगी। अन्य स्कूलों को भी इन विद्यालयों का उदाहरण देते हुए बेहतर नतीजों के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### सख्ती से जांच

उत्तरपुस्तिकाओं की जांच अत्यंत सख्ती के साथ की गई है। इसके पीछे उद्देश्य यह था कि अर्द्धवार्षिक में अच्छे अंक आने पर छात्र अतिउत्साह में वार्षिक की तैयारी में कमी ना करें। जिनके परिणाम कमजोर हैं, समीक्षा बैठक पश्चात उनके लिए कड़ी रणनीति बनाई जाएगी।
- हिमांशु भारतीय, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

## पूछताछ के लिए मां को थाना ले गई पुलिस, घबराकर बेटी ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक युवती ने बुधवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण मंदिर हसौद पुलिस द्वारा युवती की मां को पूछताछ करने अपने साथ थाना ले जाना है। इससे घबराकर युवती ने घटना दिनांक को दोपहर डेढ़ से पौने-दो बजे के बीच अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।



अमलीडीह, मारुति रेसिडेंसी निवासी अमीना पटेल (18) ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस के अनुसार मृतका के पिता महेंद्र पटेल के खिलाफ वर्ष 2022 में मंदिर हसौद थाना में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज है। महेंद्र को कोर्ट में पेश होने चार बार नोटिस जारी किया जा चुका है। नोटिस जारी होने के बाद महेंद्र फरार हो जाता था। इस वजह से पुलिस महेंद्र की पत्नी खिली पटेल से उसके पति के बारे में जानकारी हासिल करने महिला पुलिस थाने लेकर आई। इस बात से घबराकर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### निजी कारणों से की है खुदकुशी

पुरानी बस्ती सीएसपी देवांश सिंह राठौर के अनुसार युवती ने निजी कारणों से खुदकुशी की है। मृतका के पास के एक सुसाइड नोट मिला है। पत्र में उसने खुदकुशी का निजी कारणों से करना बताया है। युवती की लाश को सबसे पहले उसकी दादी ने देखा, इसके बाद उसने गार्ड तथा अन्य लोगों की मदद से ली और लोग अमीना को अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## भाठागांव की डेयरी में जांच टीम की धमक,1700 किलो लूज पनीर मिला पिछले साल 97 सौ किलो हुआ था जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी डिमांड वाले पनीर की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम विशेष गंभीरता दिखा रही है। बुधवार को भाठागांव की डेयरी में जांच कर वहां गंदगी के बीच बनाया जा रहा 1700 किलो पनीर जब्त कर लिया गया है। पिछले साल एफडीए की टीम ने 9700 किलो पनीर, एनालॉग और खोवा जब्त किया था।

विशेष आयोजन ही नहीं सामान्य दिनों में भी राजधानी में हजारों किलो पनीर की खपत होती है। इसकी वजह से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा पनीर बनाने वाली डेयरियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। समय-समय पर जांच के बाद वहां मानकों के विपरीत निर्माण का मामला ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

### दस प्रकरण न्यायालय पहुंचे

*एफडीए की टीम ने पिछले साल पनीर बनाने वाले विभिन्न संस्थानों में कार्रवाई की थी। इस दौरान पनीर के 35 सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। नमूने फेल होने के दस प्रकरण न्यायालय में पेश किए गए हैं, जिस पर सुनवाई की प्रक्रिया जारी है। वहां शेष मामलों में रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की गई है। अफसरों का कहना है कि खाद्य पदार्थ से संबंधित किसी भी तरह की समस्या या शिकायत होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में सूचना दी जा सकती है।*



### एनालॉग पर अभी भी संशय

एनालॉग पनीर बनाने के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई पर अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है। एनालॉग यानी मिल्क पावडर और पॉम आयल की मदद से पनीर तैयार किया जाता है। इसके लिए एएफएसएसआई द्वारा लाइसेंस जारी किया जाता है। दूसरी ओर जांच टीम इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए जब्ती करती है। इस मामले में स्थानीय कारोबारियों द्वारा भी कई बार सवाल उठाया जा चुका है।

## सगे भाई के ट्रक को जालसाजी कर किया अपने नाम




**रायपुर।** सिवल लाइंस थाना में पेशे से कृषक एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई के खिलाफ धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओडिशा नौवरंगपुर निवासी सपन राय ने दीपक राय के खिलाफ धोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज कराई है। सपन ने पुलिस को बताया है कि उसके पास एसएमएल इसुजु ट्रक है। ट्रक को सपन ने अपने भाई को कारोबार करने लीज पर दिया था। सगा भाई होने की वजह से सपन ने अपने भाई के साथ किसी तरह का एग्रीमेंट नहीं किया। दीपक ने अपने भाई को धोखा देते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर ट्रक अपने नाम पर कर लिया। सपन की शिकायत पर पुलिस ने दीपक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

*महादेव के प्रमोटर ने कंपनी बनाकर सट्टे की रकम को किया था निवेश*

## महादेव सट्टा के प्रमोटर, साथियों के 92 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप तथा स्काय एक्सचेंज के नाम से सट्टा संचालन करने वाले प्रमोटरों की ईडी ने 91.82 करोड़ रुपए की चल-अलच संपत्ति अटैच की है। इस कार्रवाई में ईडी ने मिस परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट एलएलसी और मेसर्स एक्जिम जनरल ट्रेडिंग-जीजेडसीओ के नाम पर रखे गए कुल 74 करोड़ 28 लाख 87 हजार 483 रुपए के बैंक बैलेंस को अटैच किया है। ये संस्थाएं सौरभ चंद्राकर, अनिल कुमार अग्रवाल और विकास छपारिया की हैं। ईडी ने सौरभ चंद्राकर तथा उससे जुड़े जिन लोगों की 74 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच ▶▶| शेष पेज 13 पर



### इन एफपीआईएस में निवेश

ईडी ने अपनी जांच में एक जटिल कैश बैक स्कीम के बारे में जानकारी जुटाई है। सट्टे की कमाई को जिन भारतीय एफपीआईएस कंपनियों में निवेश कर रकम की अदला-बदली करते थे, उन्हें इन्वेस्टमेंट का 30 से 40 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था। महादेव सट्टा के प्रमोटरों ने गगन गुप्ता की सालासार टैक्नो इंजीनियरिंग, टाइगर लॉजिस्टिक में 98 करोड़ रुपए निवेश किया है। महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में 175 से ज्यादा ठिकानों में रेड कार्वाई की है। साथ ही 26 सौ करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति फ्रीज करने के साथ अटैच की है। पांच प्रॉसिक्यूशन शिकायतों में 74 कंपनियों को आरोपी बनाया गया है।

### वेबसाइट ऐसा फायदा कम नुकसान ज्यादा

ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक महादेव सट्टा एप की काली कमाई को महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ तथा उसके साथियों ने बड़े पैमाने पर स्काय एक्सचेंज में निवेश किया। रकम निवेश करने बेनामी खातों बनाए गए। सट्टा संचालित करने महादेव के प्रमोटरों ने वेबसाइट, मोबाइल में कई एप्लिकेशन तैयार किए थे। वेबसाइटों को इस तरह से हेरफेर कर किया गया था कि सभी ग्राहकों को फायदा कम, नुकसान ज्यादा हो।

### हजारों करोड़ों का फंड एकत्र कर बांटा गया

ईडी द्वारा जारी बयान के अनुसार सट्टा एप के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए का फंड इकट्ठा किया गया और पहले से तय प्रॉफिट-शेयरिंग तरीके से बांटा गया। इसके अलावा बैंक खाता खोलने के लिए जाली या चोरी किए गए केवायसी का भी इस्तेमाल किया गया और सट्टे की कमाई छिपाने के लिए लेयर किया गया। इन सभी लेनदेन का न तो हिसाब रखा गया और न ही उन्हें टैक्स के दायरे में लाया गया। जांच में आगे पता चला कि इन अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से कमाए गए पैसे हवाला चैनलों, ट्रेड-बेस्ड मनी लॉड्रिंग ट्रांजेक्शन और क्रिप्टो-एसेट्स के इस्तेमाल से भारत के बाहर ट्रांसफर किए गए और बाद में उन्हें वापस लाकर फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआईएस) के नाम पर भारतीय शेयर बाजार में इन्वेस्ट किया गया।

### प्लिन्थ लेवल, स्लैब लेवल तक हो चुका था निर्माण

## गोकुलनगर, सिमरन सिटी फेज में बन रहे 20 अवैध मकानों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 की टीम ने शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के गोकुलनगर, सिमरन सिटी फेज 5 के पास हो रहे अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई के दौरान करीब 20 मकान जो प्लिन्थ और स्लैब लेवल तक निर्मित हो चुके थे, निर्माण कार्य चालू था, उसे तोड़ गिराया। जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के निर्देश पर नगर निगम जोन 6 और निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण ढहाने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए तोड़फोड़ की।

निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन 6 कमिश्नर के निर्देश पर बुधवार को निगम की टीम ने गोकुलनगर, सिमरन सिटी फेज 5 के पास हो रहे अवैध निर्माण को तोड़ने कार्रवाई की है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सुबह 8 से 11.30 बजे तक चला अभियान

निगम मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 6 की संयुक्त टीम द्वारा 3 जेसीबी मशीन लेकर पुलिस बल के साथ गोकुलनगर सिमरन सिटी फेज 5 के पास अवैध निर्माण तोड़फोड़ के लिए दबिश दी गई। तोड़फोड़ का यह अभियान सुबह 11.30 बजे तक चला। इस दौरान अवैध निर्माण के तोड़फोड़ का सिलसिला चलता रहा।



### बसंत विहार कालोनी में तोड़े 15 से अधिक घर, मचा हड़कंप

नगर निगम जोन 1 गोगांव, गोंदवारा क्षेत्र स्थित बसंत विहार कालोनी में सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने अभियान चलाते हुए 15 से अधिक घरों को तोड़ दिया। इससे कुछ देर के लिए वहां हड़कंप ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सूचना के बाद भी घर खाली नहीं करने पर की कार्रवाई

*नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के आरोप को खारिज किया है। जोन 1 कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर हमने पहले ही संबंधित लोगों को जानकारी दी थी, उन्हें बाकायदा नोटिस भी दिया गया है। इसके बाद भी लोग स्थान खाली नहीं कर रहे थे, इसलिए मजबूरी में घर तोड़ने की कार्रवाई की गई। प्रशासन का* ▶▶| शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**

## पंचायतों के फंड में लोचा से विकास कार्य थमा

**कूंरा।** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि पंचायतों को संवैधानिक अधिकार पंचायती राज में मिला है किसी की सरकार रहे सीधे पैसे 15 वे वित्त का पैसा पंचायत के खाते में आता है उस राशि को तत्काल जारी करे साथ ही गरीबों का आवास का अंतिम किस्त तत्काल जारी करे अन्यथा सरपंचों एवं गरीब आवास हितग्राहियों के न्याय दिलाने सड़क की लड़ाई लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज का खुला माखौल उड़ाने का काम कर रही है भाजपा सरकार गांधी जी का सपना को चकनाचूर करने का काम कर रही है। गांव सशक्त होगे तो ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा गांव में अपनी खुद की आवश्यकता के आधार पर आवश्यक कार्य कराने का अधिकार दिया साथ ही उसके लिए प्रयाप्त फंड भी दिया जाता रहा जिसमें अपनी आवश्यकता अनुरूप कार्य कराकर पंचायत की मूलभूत समस्या का समाधान खुद कर लेते थे लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार जो पंचायतों का अधिकार के राशि जैसे 15 वे वित्त की राशि सीधी ग्राम पंचायत,जनपद पंचायत,जिला पंचायत को सीधा खाते में डाला जाता है लेकिन गांव गरीब की विरोधी सरकार सभी पंचायतों का 15 वे वित्त का पैसा एक वर्ष से नहीं दिया है।

## सीएमओ ने अवैध बोरिंग का पंप सेट किया जब्त

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा के वार्ड क्रमांक 9 निवासी डॉ रूपचंद साहू के द्वारा अपने निवास के लिए दो मंजिला मकान तो बना लिया था पर अपने पेय जल व्यवस्था हेतु उन्होंने शासकीय जगह मुख्य मार्ग के किनारे ही उन्होंने अवैध रूप से बोर खनन का कार्य कर उनमें का पानी उपयोग कई सालों कर रहे थे । जिनका विरोध ग्रामीण जन करते रहे की आने जाने की मुख्य मार्ग पर ही बोर खनन कर दिए गए है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । जिसका शिकायत पंचायत एवं वार्ड पार्षद तक पहुंचा और इस मामले को लेकर पंचायत द्वारा उक्त व्यक्ति को 2 से 3 नोटिस पंचायत ने उसे हटाने का जारी किया गया था पर उन्होंने नहीं हटाया तो मंगलवार 6 जनवरी को पंचायत परिषद की मीटिंग में उक्त मामले को लेकर वार्ड पार्षद सहित समस्त जनप्रतिनिधियों ने गहमा गहमी इस प्रकार किया कि पंचायत के सीएमओ एवं इंजीनियर को मौके में खड़ा होकर जनप्रतिनिधियों के समक्ष ही उनमें लगे पंप को निकालकर जब्ती बनाया गया है । इस दौरान अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया , वार्ड पार्षद रेखराज देवांगन , संतोष साहू सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे।

## नवागांव में धीवर समाज का प्रदेश स्तरीय युवा महासम्मेलन 17 को

**आरंग।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा, रायपुर के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय धीवर युवा महासम्मेलन का आयोजन 17 जनवरी को किया जा रहा है। महासम्मेलन का आयोजन प्रातः 10 बजे से नवागांव में होगा। महासभा की ओर से स्वजातीय समाजजनों को आमंत्रित करते हुए बताया गया कि यह सम्मेलन समाज को संगठित, सशक्त एवं जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से समाज के युवा, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महासम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ धीवर समाज की जनगणना करना एवं समाज की वास्तविक स्थिति को सशक्त रूप से सामने लाना है, जिससे भविष्य की योजनाओं एवं विकास कार्यों को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सरपंच, पार्षद, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सह-सम्मान किया जाएगा। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार धीवर (प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ धीवर समाज), अन्नु तारक (जिला पंचायत सभापति, रायपुर), राजेंद्र धीवर (जिला पंचायत सदस्य, बिलासपुर) एवं सोहनलाल धीवर (प्रदेश सहसंयोजक, मछुआरा प्रकोष्ठ) उपस्थित रहेंगे।

# महर्षि काश्यप जयंती समारोह में गुप्ता समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज रायपुर गढ़ जोंन क्र 3 की बैठक आरंग इकाई के मेजबानी में श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रात्रि में गुप्ता समाज द्वारा सामूहिक रुप से समाज के जनक महर्षि काश्यप ऋषि की जयंती भी मनाई गई।बैठक की शुरुवात पदाधिकारियों एवं सामाजिक सदस्यों के द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि जी की पूजा अर्चना कर की गई। अतिथियो के स्वागत गुप्ता समाज आरंग के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता द्वारा की गई। उपरांत आरंग इकाई की और से अध्यक्षीय उदबोधन में आरंग इकाई के सरक्षक द्वय प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त परिवार को जोड़े रखेने में आज के युवाओं की जिम्मेदारी के विषय में सभी के सामने अपने प्रेरक विचार रखे तथा रविंद्र गुप्ता ने संगठन को मजबूत बनाने तथा ठोस निर्णय लेकर उसके पालन करने पर जोर दिया। जोन सचिव द्वारा बैठक के एजेंडा का सक्षिप्त विवरण देने उपरांत प्रदेश संरक्षक राज कुमार गुप्ता, जोन संरक्षक अशोक गुप्ता तथा जोन अध्यक्ष डॉ अविनाश गुप्ता के उदबोधन के पश्चात बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। जिसमे जोन स्तरीय महिला संगठन का चुनाव सम्पन्न कराया गया। जोन स्तरीय पिकनिक जाने पर भी चर्चा कर सहमति बनाई गई। साथ ही जोन स्तरीय पुरुष पदाधिकारियों के चुनाव के विषय में चर्चा किया गया। जिसमे रायपुर गढ़ - अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सह सचिव का चुनाव होगा साथ ही गढ़ एवं जोन उपाध्यक्ष, गढ़ एवं जोन संरक्षक, गढ़ एवं जोन सचिव का चुनाव किया जायेगा।

## जोन स्तरीय महिला संगठन का चुनाव हुआ सम्पन्न




### आगामी बैठक अप्रैल में

चुनाव अप्रैल 2026 में प्रस्तावित किया गया है जो जोन स्तरीय आगामी बैठक में सम्पन्न होगा।बैठक के समापन के पूर्व पूर्व कसौंधन रत्न श्री गणेश प्रसाद गुप्ता जी को 02 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। रात्रि में कसौंधन गुप्ता समाज आरंग द्वारा आयोजित जयंती समारोह रामाधार गुप्ता तथा प्रताप गुप्ता के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। महर्षि काश्यप जी की सामूहिक पूजा अर्चना के बाद समाज के प्रतिभावान बच्चो स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही समाज द्वारा संचालित मंदिरों के जीर्णद्वार में सहयोग करने वाले दानदाता डॉ संतोष गुप्ता बांकी मोगरा तथा सौरभ गुप्ता आरंग को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के छोटे छोटे बच्चों और महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन शरद गुप्ता तथा सौम्या गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुप्ता समाज के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, मनीष गुप्ता, सुदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता,गौरव गुप्ता, महावीर गुप्ता, मदन गुप्ता, विनोद गुप्ता, राकेश गुप्ता व मंजू गुप्ता ममता गुप्ता ज्योति गुप्ता सहित समाज के युवाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष कणिका गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

**हादसे :** मृतकों में दो नाबालिग,तेज रफ्तार ने ली जान

# नए साल में सड़क हादसों का कहर 7 दिनों में सात की मौत, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



फाइल फोटो


फाइल फोटो

नए साल की शुरुआत में तिल्दा थाना शेत्र में एक्सीडेंट की कई बड़ी खबरे सामने आई है.पिछले 7 दिनों में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में सात लोगों की जान चली गई, जबकि4 से अधिक लोग घायल हो गए। इन हादसों में जान गंवाने वालों में 3 नाबालिग शामिल है।

साल 2026 के शुरुआती 7 दिनों मैथली दहला देने वाली घटनाएं सामने आई है. इन घटनाओं में साथ युवाओं की मौत हुई है.. इनमें तीन नाबालिक शामिल है.सभी घटनाएं तेज रफ्तार के चलते हुई है..पहली घटना शनिवार को तिल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम कोनारी के पास हुई एक युवक अपने चचेरे भाई के साथ बुलेट से मां बंजारी का दर्शन करने गया था ,जब वापस घर लौट रहे थे तभी उनकी तेज रफ्तार बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे चली गई और खेत के चारों तरफ लगे के सीमेंट के पोल में लगी कांटेदार तारों के ऊपर गिर गाए और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई...दोनों बरतोरी के रहने वाले थे. इस घटना के दूसरे दिन रविवार को एक और दर्दनाक हादसा हुआ ..इस हादसे में ओटगन के रहने दो लडके बिलाडी गाव के एक दोस्त के साथ बाइक से घूम रहे थे ,इसी बीच,तिल्दा सिमगा मार्ग से गुजर रही एक ट्रक से उनकी तेज रफ्तार बाइक टकरा गइ ,तीनोतर्क की चपेट में आ गए ,हादसे में एक नाबालिक की मौके पर ही मौत हो गई .जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा, तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।

### हेलमेट नहीं पहनने का कारण भी हुई मौत

इस हादसे के दुसरे दिन दो और हादसे हुए एक हादसा सरारी गांव के पास हुआ यहाँ तेज रफ्तार कार ने सामने आ रही एक बाइक सवार को टक्कर मार दी .जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया उसका इलाज जारी है.. जबकि दूसरी घटना बरतोरी के पास हुई. गांव का रहने वाला एक युवक बाइक से लौट रहा था तभी उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और एक पेड़ से टकरा गई ,जिससे युवक की मौत हो गई.. इसी तरह एक और घटना हुई जिसमें ज्योति हॉस्पिटल के पीछे रहने वाला एक 25 साल के युवक जिसकी मार्च में महीने शादी होने वाली थी.. रात को किसी काम से अपने बाइक से रायपुर गया था तभी उसकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में मरने वाले किसी ने भी हेलमेट नही फना था । यदि हेलमेट पहने होते तो कम से कम तीन लोगो की जान बच सकती थी .7में से य्को की मौत सिर में चोट लगने से हुई है।

# एफएलएन प्रशिक्षण में 90 शिक्षक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं विकासखंड केंद्र स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन के मार्गदर्शन में एफएलएन द्वितीय चरण प्राथमिक स्तर का प्रशिक्षण अरुंधती देवी विद्यालय के शैक्षिक हाल में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर शिक्षकों ने क्या सीखा गतिविधि के अंतर्गत भाषा, गणितीय कौशल, पर्यावरण एवं अंग्रेजी विषयों के अंतर्गत सामूहिक ग्रुप-वाइज रोचक गतिविधियों का प्रदर्शन किया एवं मास्टर ट्रेनर गण ने प्रशिक्षण को विद्यालय में क्रियान्वयन करने की पहल की। ज्ञात हो कि कल तृतीय चरण प्राथमिक स्तर का भी प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है, वहीं प्राचार्य एवं व्याख्याताओं का प्रशिक्षण आज कोटवार भवन आरंग में प्रारंभ हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य नवीन पाठ्यपुस्तक के प्रभावी क्रियान्वयन एवं करके सीखो रोचक गतिविधियों से शिक्षण, विद्यार्थियों में मूलभूत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित है।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सुमन चतुर्वेदी, गिरिजाशंकर अग्रवाल, दीपक दुबे, डोमन डहरिया, होरीलाल पटेल, डोमन सिंह ध्रुव, अर्जुन सर (अजीमप्रेम जी फाउंडेशन) से एवं प्रधान पाठक शिक्षक गण छोटूराम साहू, अरविंद वैष्णव, उत्तम ध्रुव, भूषण जलक्षत्री, हुमन लाल साहू, धनपाल कुर्रे, लता चंद्राकर, केसरी ढीढी, गिरीश कुमार गिलहरे, संगीता चंद्राकर, सारिका बेलगहे, उमा यादव, ओमप्रकाश साहू, अनीता ध्रुव, भगवान दास नवरत्न, प्रभा साहू, नीतू चंद्राकर, निशा जोगी, नीलू देवांगन आदि 90 शिक्षकों की सहभागिता रही।

# ग्रामीण कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शीघ्र ही नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और व्यापक सहमति सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं, पूर्व पदाधिकारियों तथा ब्लॉक स्तर के प्रमुख कांग्रेसजनों से विस्तृत राय-मशविरा किया जाएगा।



■ सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलेगा सम्मान : बंजारे

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे के नेतृत्व में यह प्रक्रिया पूरी तरह कार्यकर्ता-केंद्रित होगी। श्री बंजारे स्वयं विभिन्न ब्लॉकों का दौरा करेंगे तथा पार्टी के लिए लंबे समय से निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की पहचान करेंगे। ऐसे कार्यकर्ताओं को, जो वर्षों से गांव-गांव, बूथ-बूथ तक पार्टी के झंडे को ऊंचा रखने में जुटे रहे हैं, कार्यकारिणी में उचित स्थान एवं जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "कांग्रेस पार्टी हमेशा से कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। पद प्राप्त करने के बाद घर बैठने वालों या केवल नाममात्र के पदाधिकारियों को इस बार कार्यकारिणी में कोई स्थान नहीं मिलेगा। हमें ऐसे साथियों की जरूरत है जो दिन-रात पार्टी के लिए मेहनत करें, जनता की समस्याओं को सुनें और संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।




# सहकारी बैंक उपाध्यक्ष ने धान परिवहन का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जिला सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर की शाखा आरंग में बैंक के उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप का आगमन हुआ। इस दौरान शाखा के लिए स्वयं का बैंक भवन निर्माण एवं समोदा में एक नवीन शाखा खोलने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वर्तमान में शासन के महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी को लेकर भी चर्चा हुई, जिस पर धान के परिवहन को शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया। उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप के स्वागत अवसर पर देवनाथ साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल आरंग, अशोक चंद्राकर महामंत्री भाजपा मंडल आरंग, राकेश सोनकर महामंत्री भाजपा मंडल आरंग, गणेश साहू अध्यक्ष आरंग सोसायटी, विक्की साहू अध्यक्ष साहू समाज आरंग, संतोष चंद्राकर अध्यक्ष जरौद सोसायटी, पूनमचंद साहू अध्यक्ष खमतरई सोसायटी, विष्णु साहू अध्यक्ष मोखला सोसायटी, ओमकार साहू अध्यक्ष गौरभाट सोसायटी, रितेश साहू, वीरेंद्र कंडरा, जनक साहू, नरेंद्र लोधी, बिसन लहरी पार्षदगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर बैंक शाखा के कर्मचारी नरेंद्र चंद्राकर (शाखा प्रबंधक), छबिराम साहू, मनोज टण्डन, रोशन साहू, गोपाल साहू, वेदप्रकाश साहू, परषोत्तम साहू, योगेश साहू, डुमेश्वरी कोसले एवं रीना चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

# जेसीआई मेट्रो की कार्यकारिणी घोषितः तरुण बत्रा अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



जेसीआई रायपुर मेट्रो की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी की घोषणा संस्था के संस्थापक चेतन तरवानी,के द्वरा पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति में कार्यालय में की गई. नई कार्यकारिणी मै तिल्दा शहर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी जेसी तरुण बत्रा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनया गया.जेसी रंजीत अरोड़ा को सचिव, सेन.जेसी. विक्रम शर्मा को अध्याक्ष प्रभारी एवं एच.जी.एफ जे.सी दीपक मेघानी को कोषाध्यक्ष नियुक्ति किया गया । इस अवसर पर फाउंडर जेसीआई Sen. चेतन तरवानी ने नई टीम को मार्गदर्शन देते हुए संगठन के मूल्यों—नेतृत्व, सेवा और निरंतर विकास पर जोर दिया। इस मौके पे सभी जेसीआई सदस्यों और पदाकरियो ने वर्ष 2026 जेसीआई रायपुर मेट्रो के इतिहास का अब तक का सबसे सक्रिय, प्रभावशाली और उपलब्धियों से भरा वर्ष बनाने का संकल्प लिया। जेसी विक्रम शर्मा ने कहा कि नई टीम सामूहिक प्रयासों से युवाओं के नेतृत्व विकास, सामाजिक सेवा और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और JCI रायपुर मेट्रो को सेवा और प्रगति के पथ पर और आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। इसमुके पर जोन उपाध्यक्ष जेसी आशीष भूटानी एवं तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष जेसी सोनू पंजवानी विशेष रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर संस्थापक चेतन तरवानी एवं अन्य पदाधिकारीयों ने नई कार्यकारिणी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने ली राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य आयोग के राज्य कार्यालय स्थित सभा कक्ष में एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013) एवं सीजीएफएसए (छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य सचिव राजीव जायसवाल, सदस्यगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**गनियारी में मड़ई मेला आयोजन किया गया**

# मड़ई छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत पहचान है : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा बुधवार को धरसींवा विधानसभा के ग्राम गनियारी में आयोजित वार्षिक मड़ई मेला एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। विधायक के ग्राम आगमन पर मेला समिति और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। आतिशबाजी और पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। ग्रामीणों के इस स्नेह पर आभार व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि मड़ई मेला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारे आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप का सबसे बड़ा माध्यम है।



**कलाकारों का बढ़ाया उत्साहः** कला और संस्कृति से गहरा जुड़ाव रखने वाले अनुज शर्मा ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया। स्थानीय और प्रदेश स्तरीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी गीतों और लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक ने कहा, /"राज्य की कला और कलाकारों को हर संभव मंच प्रदान करना मेरी प्राथमिकता है। हमारी परंपराओं का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है

विधायक शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि मड़ई मेलों से स्थानीय छोटे व्यापारियों और महिला स्व-सहायता समूहों को व्यापार का अवसर मिलता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंट कर गांव के विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, अनिल सोनी, शिवशंकर वर्मा, सोना वर्मा, सुरेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मौखिक आदेश पर आफ लाइन खाद्यान्न वितरण खटाई में पड़ी

**आरंग।** सोसायटियों द्वारा संचालित राशन दूकानों से उपभोक्ताओं को दिसंबर माह का खाद्यान्न तो ई पास मशीन से मिल गया है लेकिन नवंबर माह का खाद्यान्न सभी उपभोक्ता को नहीं मिल पाया है।

ऐसे बचे उपभोक्ताओं को उनके हक का खाद्यान्न देने सोसायटियों ने दिसंबर माह के शुरुआती सप्ताह में ही ई पास मशीन में आन लाइन 15 दिनों के लिये वितरण विकल्प देने अनुमति/आप्शन देने अथवा आफ लाइन अनुमति देने का आग्रह किया था। आन लाइन की अनुमति तो मिली नहीं , आफ लाइन की लिखित अनुमति दिये बिना मौखिक रूप से आफ लाइन खाद्यान्न वितरित करने दबाव बनाया जा रहा है और इससे इंकार करने वाले सोसायटियों से संचालित किये जा रहे उपभोक्ता केंद्रों का संचालन वापस ले स्व सहायता समूहों को सौंपा जा रहा है।

बीते नवंबर माह का खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित अनेक समितियों के उपभोक्ताओं से मिलने वाली शिकायतों पर छानबीन करने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने यह जानकारी देते हुये बतलाया है कि सोसायटी कर्मियों के अनुसार वे 20 नवंबर तक हड़ताल में थे व खाद्यान्न का भंडारण भी विलम्ब से नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में हुआ था इसलिये सभी उपभोक्ताओं को खाद्यान्न का वितरण नहीं हो पाया था और इसलिये दिसंबर में नवंबर माह के खाद्यान्न वितरण के लिये अनुमति मांगी गयी थी ।

# ई-ऑफिस में श्रेष्ठ प्रदर्शन : मुख्य सचिव ने अधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवंबर 2025 के लिए मंत्रालय महनदी भवन के अधिकारियों का ई-ऑफिस प्रदर्शन मूल्यांकन किया गया। डिजिटल गवर्नेंस को नई गति देने वाली इस महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रशंसापत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ई-ऑफिस में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मुख्य सचिव विकास शील ने चयनित अधिकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें शासन-प्रशासन में गति, पारदर्शिता और परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति को और सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय स्थित महानदी भवन, नवा रायपुर के अधिकारियों के लिए नवंबर 2025 का ई-ऑफिस प्रदर्शन मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है। यह पहल शासन-प्रशासन में डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कार्यकुशलता को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### इस तरह हुआ मूल्यांकन

विभिन्न संवर्गों–संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव एवं अनुभाग अधिकारी–के लिए पृथक-पृथक किया गया। मूल्यांकन पूर्णतः ई-ऑफिस प्रणाली से प्राप्त आधिकारिक डेटा पर आधारित रहा। मासिक अवधि के दौरान अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यभार तथा फाइल निस्तारण की गति और दक्षता को प्राथमिक आधार बनाया गया।

### इन्हें मिला सम्मान

मुख्य सचिव विकास शील ने 6 जनवरी 2026 को मंत्रालय, महानदी भवन के पंचम तल सभागार में समस्त अधिकारी,कर्मचारियों की उपस्थिति में ई-ऑफिस के आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर माह नवंबर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित अधिकारियों में जयश्री जैन, संयुक्त सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग; गजपाल सिंह सिकरवार, संयुक्त सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, संयुक्त सचिव, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग,विजय कुमार चौधरी, उप सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग; श्री राहुल कुमार, उप सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग; डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, उप सचिव, जल संसाधन विभाग, रनबहादुर झ्वाली, अवर सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग, अरूण कुमार मिश्रा, अवर सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग, पूरन लाल साहू, अवर सचिव, गृह विभाग, मनीराम रात्रे, अनुभाग अधिकारी, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, महेश कुमार, अनुभाग अधिकारी, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा नागराजन, अनुभाग अधिकारी, गृह विभाग शामिल है।

### हर महीने होगी समीक्षा : सीएस

मुख्य सचिव विकास शील ने कहा कि यह मूल्यांकन तंत्र अधिकारियों के बीच सकारात्मक प्रेरणा, कार्य संतुष्टि, जवाबदेही और अनुशासन को सुदृढ़ करेगा। विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को नियमित रूप से आगे भी जारी रखा जाएगा। प्रत्येक माह ई-ऑफिस प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आपात स्थिति में सालभर में 10 हजार को पहुंचाया अस्पताल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा जिलेवासियों को दी गई 10 अतिरिक्त संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस की सौगात के बाद आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त हुई हैं। वर्तमान में जिले में कुल 24 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस जीवन रक्षक बनकर दिन-रात जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में दौड़ रही हैं। संजीवनी एक्सप्रेस 108 के प्रबंधक दीपक साहू ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा के माध्यम से जिले में कुल 10,114 मरीजों को समय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, हृदयाघात, सर्पदंश तथा प्रसूति जैसे आपात मामलों में इन एंबुलेंसों ने अहम भूमिका निभाई है। इस अवधि में 572 गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। कई मामलों में एंबुलेंस के भीतर ही सफल प्रसव कराकर माँ और नवजात की जान बचाई गई, जो एंबुलेंस में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की तत्परता का प्रमाण है।

### चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह कल तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग 2 से 9 जनवरी तक चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता के रूप मना रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने प्रदेश के सभी जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान में रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती चावल उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनवरी का खाद्यान्न वितरण के साथ ही विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने ली राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य आयोग के राज्य कार्यालय स्थित सभा कक्ष में एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013) एवं सीजीएफएसए (छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य सचिव राजीव जायसवाल, सदस्यगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जायसवाल ने आयोग की शक्तियों, दायित्वों एवं कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि आयोग का प्रमुख दायित्व हितग्राहियों की पात्रताओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी, शिकायतों की जांच, जिला शिकायत निवारण अधिकारी के आदेशों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई तथा राज्य सरकार को आवश्यक अनुशंसाएं देना है। बैठक में एएवायी, पीएचएच, एपीएल, निराश्रित एवं निशक्त श्रेणी के अंतर्गत निर्धारित राशन पात्रताओं की समीक्षा की गई। आयोग ने उचित मूल्य दुकानों में समय पर राशन वितरण, स्टॉक की सही प्रविष्टि, एपीएल एवं फोर्टिफाइड चावल का पृथक भंडारण, एफआईएफओ प्रणाली के पालन, रैंडम बोरा तौल एवं विभागीय कॉल सेंटर नंबर के प्रदर्शन के निर्देश दिए।

## गलत वस्त्रों की डिलीवरी के बावजूद हैदराबाद की कंपनी को कर दिया भुगतान

# हथकरघा विपणन संघ में 62 लाख से अधिक की अनियमितता का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर में 62 लाख रुपए से अधिक की अनियमितता किए जाने का मामला सामने आया है। इस विभाग के तत्कालीन वस्त्र गोदाम प्रभारी डूमरतराई रामकिसुन देवांगन ने आरोप लगाया है कि हैदराबाद की कंपनी मारुति कोटेक्स लिमिटेड ने हथकरघा संघ को प्रिंटिंग शर्टिंग चेक वेस्टेज वस्त्रों के स्थान पर अन्य वेस्टेज वस्त्रों को भेजा है। इसके बाद भी हथकरघा संघ ने कंपनी को इस मामले की जांच किए बिना पूरी राशि का भुगतान कर दिया है। इधर दूसरी ओर हथकरघा संघ के सचिव एमएम जोशी ने इस भुगतान के लिए रामकिसुन देवांगन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि कंपनी को भुगतान होने के करीब 3 महीने के बाद रामकिसुन ने कंपनी द्वारा गलत वस्त्रों के भेजे जाने की लिखित में जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है और जो कोई भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के वस्त्र गोदाम डुमरतराई को मारुति कोटेक्स लिमिटेड छोटूपाल हैदराबाद कंपनी द्वारा प्रिंटिंग वेस्टेज वस्त्र की डिलीवरी की जानी थी। इस वस्त्र का चार्ज प्रति मीटर 14.36 रुपए तथा 5 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित है। इसके अनुसार ही कंपनी को भुगतान करना होता है। कंपनी ने डिमांड के अनुसार अलग-अलग तारीख को वस्त्रों की डिलीवरी गोदाम में कराई थी। इसके लिए कंपनी ने पांच बिल भी लगाए थे। रामकिसुन देवांगन का कहना है कि गोदाम का प्रभारी होने के नाते उसने वस्त्रों की डिलीवरी ली थी, लेकिन सिर्फ 593ए डिलीवरी वस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया था, जो सही पाया गया। इसके बाद अन्य बिलों से संबंधित वस्त्रों की पेकिंग खोलकर उसकी जांच की गई तो प्रिंटिंग शर्टिंग चेक वेस्टेज की जगह अन्य वस्त्र उसमें पाए गए।




### जांच प्रतिवेदन के बाद भी संघ ने कर दिया भुगतान

रामकिसुन ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने पत्र में अपनी त्रुटि के लिए माफी मांगते हुए स्पष्ट रूप से लिखा था कि कंपनी ने 5 देयकों में अलग-अलग समय पर कुल 60376.00 मीटर दूसरे वस्त्रों की डिलीवरी कराई है। इससे स्पष्ट है कि कंपनी ने यह जानबूझकर किया है। उन्होंने कहा कि मारुति कोटेक्स कंपनी को 545, 577, 583, 588 एवं 489 नंबर का बिल का भुगतान जून एवं जुलाई में अलग-अलग तारीख पर किया है। इस तरह कंपनी से 62 लाख 59 हजार 655 रुपए की वसूली होनी चाहिए।

### संघ ने जांच के लिए बनाई थी 6 सदस्यीय कमेटी

हथकरघा संघ के सचिव ने बताया कि गोदाम प्रभारी डूमरतराई के 10 अक्टूबर 2025 को लिखे पत्र के बाद मारुति कोटेक्स कंपनी ने जो वस्त्र भेजे हैं, उसकी जांच के लिए टीम गठित की है। सचिव ने बताया कि इस टीम में मुख्य लेखाधिकारी संघ मुख्यालय की अध्यक्ष प्रतीक्षा सिंह, उत्पादन प्रभारी संघ मुख्यालय गोविंद देवांगन, गोदाम प्रभारी प्रोसेस वस्त्र गोदाम राजाराम देवांगन, तत्कालीन गोदाम प्रभारी रामकिसुन देवांगन, तकनीकी कर्मचारी संघ मुख्यालय राजेश बंजारे एवं तकनीकी कर्मचारी संघ गोदाम कविता देवांगन शामिल किए गए थे। इस टीम को सात दिन के भीतर भौतिक परीक्षण कर जांच प्रतिवेदन मंगाया गया था। जांच में तकनीकी कर्मचारी लोकेश धिरही ने स्वीकार किया है कि कंपनी द्वारा भेजा गया बिल 593ए के वस्त्र सही हैं। हालांकि अन्य जिन बिलों का भुगतान और गलत वस्त्रों के भेजे जाने की बात रामकिसुन द्वारा कहीं जा रही है। इस मामले की जांच की जा रही है।

### कंपनी को फायदा पहुंचाने का आरोप गलत

*कंपनी को फायदा पहुंचाने भुगतान किए जाने का आरोप गलत है। तत्कालीन गोदाम प्रभारी की निगरानी में ही वस्त्रों की डिलीवरी एवं जांच की गई थी। इसके बाद उनके द्वारा भेजे गए बिलों के आधार पर ही कंपनी को भुगतान हुआ है। गलत आरोप लगाकर संघ को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।*

**- एमएम जोशी, सचिव**
*राज्य हथकरघा विकास एवं विपरण संघ मर्यादित रायपुर*

## एमआईसी की बैठक आज, आधा दर्जन से ज्यादा प्रस्ताव पर लगेगी मुहर

- महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में शाम 5 बजे बैठक
- नगर निगम के नए सेटअप प्रस्ताव, सफाई व्यवस्था केन्द्रीय कृत करने, नाला निर्माण सहित अन्य प्रस्ताव शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में गुरुवार को शाम 5 बजे से महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित है। इस बैठक में नगर निगम के आगामी दस साल के लिए बनाए जा रहे नए सेटअप संबंधी प्रस्ताव परिषद में चर्चा के लिए लाया जा रहा है। इसके साथ ही पंद्रहवां वित्त आयोग मद से रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्डो में बीटी रोड, शहर के विभिन्न स्थानों पर रोड निर्माण , नाला निर्माण की दर स्वीकृति के अलावा इंदौर की तर्ज पर शहर के सफाई की केन्द्रीय कृत व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

शहरी सरकार के नए साल में पहली एमआईसी बैठक 8 जनवरी को महात्मा गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में गुरुवार की शाम 5 बजे से आयोजित है। इसमें इंदौर शहर की तर्ज पर शहर के 70 वार्डो में सफाई कार्य के लिए सेंट्रलाइज्ड ठेका संबंधी सफाई विभाग का प्रस्ताव पर परिषद में विचार विमर्श कर इस निर्णय लिया जाएगा। विदित हो, राज्य शासन की मंशा अनुसार रायपुर नगर निगम में अलग-अलग वार्डों के हिसाब से वार्डवार ठेका की जगह पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय करने की योजना है। यह व्यवस्था इंदौर सहित देश के अन्य बड़े शहरों में सफलता पूर्वक अपनाई गई है। इसमें सफाई व्यवस्था की मानिटरिंग नगर निगम के माध्यम से होनी है। इसके अलावा एमआईसी की बैठक में रायपुर नगर निगम के नए सेटअप को लेकर प्रस्ताव लाया जा रहा है। प्रस्ताव को एमआईसी से पारित कर सामान्य सभा में चर्चा के बाद पारित राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसके साथ ही दस जोन स्थित 70 वार्डो से निराश्रित, विधवा, दिव्यांग, परिवार सहायता सहित अन्य योजना के लिए करीबन 300 हितग्राहियों के पेंशन प्रकरण पर चर्चा के बाद मुहर लगेगी। संविदा नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव भी लाया जा सकता है।

## आधारबेस अटेंडेंस पर पुनर्विचार करने सीएस को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति पंजीयन आधार बेस पर किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने ऑनलाइन आधारबेस अटेंडेंस सिस्टम के क्रियान्वयन के संबंध में पुनर्विचार करने मुख्य सचिव विकास शील को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि यह अव्यवहारिक होने के कारण प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को क्रियान्वयन करने में काफी असुविधा हो रही है।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने पत्र में कहा है कि फेडरेशन से संबद्ध विभिन्न कर्मचारी संगठनों के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार ऑनलाइन आधारबेस अटेंडेंस के क्रियान्वयन में कठिनाइयां आ रही हैं। इनमें राज्य में कई जगहों पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं रहती। अतः मोबाइल पर उपस्थिति दर्ज करना संभव नहीं होगा। मैदानी कर्मचारियों को सप्ताह में तीन दिन अपने क्षेत्रों का दौरा, विभिन्न बैठकों, प्रशिक्षण, समय-समय पर दिये गये मौखिक आदेशों पर आपातकालीन स्थितियों में तत्काल उपस्थित होना होता है। इन परिस्थितियों में आधारबेस उपस्थिति दर्ज कराना असंभव है।

### साइबर क्राइम की आशंका

ऑनलाइन अटेंडेंस उपस्थिति आधारबेस है, जिससे साइबर काइम होने की आशंका होगी। अतः आर्थिक नुकसान होने की स्थिति नुकसान की भरपाई कार्यालय प्रमुख को वहन करने की जवाबदेही लेनी होगी। सभी कर्मचारियों का मोबाइल इस स्तर का नहीं है, जो इस एप का सुचारू रूप से संचालन कर सकें। कार्यालयीन अवधि के बाद शासकीय सेवकों द्वारा किए गए अतिरिक्त समय का समायोजन का उल्लेख नहीं है।

## धर्मांतरण का विरोध भाजपा का दिखावा, दोहरा चरित्र उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महासमुंद जिले के भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा विगत दिनों हुई, जिसमें धर्मांतरित व्यक्ति जीवन तांडी को जिला महामंत्री एवं अनूप तांडी को मंडल अध्यक्ष पद पर नवाजा गया। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, एक ओर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का विरोध करती है, वहीं दूसरी ओर धर्मांतरण करने वालों को अपने ही पार्टी में पद देकर सुशोभित करती है। महासमुंद जिले के अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी घोषणा के बाद इसका ताजा उदाहरण सामने आया है।

भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि जीवन तांडी एवं अनूप तांडी अल्पसंख्यक वर्ग में कब शामिल हुए हैं? विधिवत प्रक्रिया का पालन कर शामिल हुए हैं या धर्मांतरण कर जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करती रही है, उसी प्रक्रिया से धर्मांतरण किया है। धर्मांतरण करने वालों को पद से सुशोभित कर भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है। भाजपा एक और धर्मांतरण का विरोध करती है, दूसरी ओर राजनीतिक लाभ के लिए धर्मांतरण करने वालों को पद देती है। प्रदेश की जनता को भाजपा से सावधान रहना चाहिए और इनकी कथनी और करनी पदाधिकारी बनाये जाने से स्पष्ट है।



- जीवन एवं अनूप तांडी ने अल्पसंख्यक वर्ग में शामिल किए जाने पर उठाए सवाल

## एसआईआर को अदालत में चुनौती देगी कांग्रेस

### चुनाव आयोग व भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस ने एसआईआर पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेताओं ने बूथों के पुनर्गठन पर आपत्ति की है और चुनाव आयोग व भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, पूरी प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी जाएगी।

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में एसआईआर के रायपुर लोकसभा प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेमन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष पप्पू बंजारे संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, एसआईआर का मामला कांग्रेस का मुद्दा नहीं है, यह अनुसूचित जाति, जनजाति, किसानों और नौजवानों का मुद्दा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा, आखिर हड़बड़ी में एसआईआर क्यों कराया जा रहे हैं, जबकि यहां कोई चुनाव नहीं है। कांग्रेस ने एसआईआर के लिए एक माह का समय बढ़ाने की मांग की थी, मगर ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस नेताओं ने बिन्दुवार गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि बूथों का पुनर्गठन किया गया है। हर विधानसभा में बूथों की संख्या बढ़ी है। हाल यह है कि कई जगहों पर 160 तो कुछ जगहों पर एक हजार से अधिक मतदाता हैं। कांग्रेस नेताओं ने पूछा कि युक्तियुक्तकरण क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि नए बूथों में बीएलओ की नियुक्ति नहीं की गई है। ऐसे में आपत्ति-दावे कौन लेगा?



### मनमाने तरीके से हटाए जा रहे नाम

कांग्रेस नेताओं ने कहा, मतदाता सूची में योजनाबद्ध एवं मनमाने तरीके से बड़े पैमाने पर कांग्रेस समर्थित लोगों के नाम हटा दिये गये हैं। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 38 सोनडोंगरी के बीएलए प्रकाश कुमार सिंह का नाम शिफ्टेड की सूची में डाल दिया गया है, जबकि उनके द्वारा विधिवत फार्म भरकर सभी दस्तावेजों को संलग्न करके अपना फॉर्म बीएलओ को दिया था, उसके बाद भी उनका नाम हटा दिया गया है। जिस तरह की त्रुटियां पाई जा रही हैं, इससे यह लगता है कि यह जानबूझकर की जा रही है, यह अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है और इससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं।

# धान खरीदी में परेशानियों का हल, छूटे किसानों का हो सकेगा नया पंजीयन

## कृषि विभाग का नया आदेश, किसानों को 15 जनवरी से 31 तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने में आ रही परेशानियों का हल अब निकलने की संभावना बनी है।

कृषि विभाग ने किसानों की मांगों और परेशानियों के मद्देनजर राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन और पूर्व में पंजीकृत किसानों के डाटा को कैरी फार्वर्ड के लिए अतिरिक्त समय देने का आदेश जारी किया है।

### अब जारी हुआ ये आदेश

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने आदेश जारी किया है। यह आदेश, सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सचिव सहित राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए दिया गया है।

खास खबर



### अब किस तारीख तक हो सकेंगे कौन से काम

कृषि विभाग ने किसानों के धान बेचने संबंधी मामले को लेकर आ रही शिकायतों के मद्देनजर पांच बिंदुओ के आधार पर समाधान निकालने की कोशिश की है। अब ये काम इस तारीख तक हो सकेंगे। कैरी फारवर्ड 15 जनवरी तक, वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक, 26 तक, सभी प्रकार के संशोधन 31 जनवरी तक,त्‍ रुटि पूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक, राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन भी 15 जनवरी तक हो सकेगा।

### किसानों के आग्रह पर ये कदम

कृषि विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों, पटवारियों द्वारा किए गये भौतिक सत्यापन के बाद विवरण संशोधन का प्रावधान 7- जनवरी -2026 तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन में किया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त कृषकों के खसरा, रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन आदि कार्यवाही के लिए निरंतर अनुरोध किया जा रहा है। इसे देखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में इन कार्यों हेतु समस्त समितियों में समिति लॉगिन में प्रावधान किया जा रहा है।

### किसानों की परेशानियों की हैं ये कहानियां

राज्य के अलग-अलग जिलों से धान बेचने में आ रही परेशानियों का सिलसिला कई दिनों से चल रहा है। धान खरीदी शुरु होने के बाद सिस्टम लॉक होने के बाद किसानों को काफी परेशानी हो रही थी, जैसे अगर उन्होंने पिछले साल धान बेचा है, तो इस साल उनका डाटा कैरी फार्वर्ड नहीं हो रहा था। कुछ किसान जिनका स्वर्गवास धान खरीदी होने के समय ही हो गया तो उनका धान बिक पाना मुश्किल हो गया था। इसके लिए वारिसान पंजीयन कराना आवश्यक था। कुछ किसानों की जमीनें अलग-अलग गांवों में है लेकिन उनका रकबा सिस्टम में जुड़ नहीं पा रहा है, इसकी वजह से किसान धान बेच नहीं पा रहे थे। इस प्रकार किसी किसान ने नई जमीन खरीद ली है, लेकिन उसके नाम पंजीयन नहीं पाया था। बड़ी संख्या में किसान एप के माध्यम से हुई गिरदावरी से संकट में आ गए थे। इस तकनीकी गिरदावरी में दिक्कत ये है कि जिस जमीन पर धान बोया गया है उसे पड़त भूमि बता दिया गया है। कुछ जमीनें जो पड़त की है वहां धान बोना बता दिया गया है। कई स्थानों पर धान बुवाई का भौतिक सत्यापन यानि फिजिकिल वेरीफिकेशन हीं नहीं है। यह काम राजस्व विभाग पटवारी के माध्यम से करवाता है। लेकिन इस बार ये काम कई जगहों पर नहीं हो पाया। इन तमाम कारणों से किसान भारी परेशानी और संकट में गुहार लगा रहे थे।

# शेयर ट्रेडिंग में 40 लाख मुनाफा के लालच में साले से उधार रकम लेकर हुआ ठगी का शिकार

## ऑनलाइन ठगी से बचने कारोबारी ने जालसाजों को रायपुर बुलाकर रकम की सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा के एक कारोबारी ने शेयर ट्रेडिंग में जल्दी मुनाफा कमाने के लालच में आकर जालसाजों को रायपुर बुलाकर दो करोड़ रुपए सौंप दिए और ठगी का शिकार हो गया। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी से बचने कारोबारी ने चतुराई दिखाते हुए जालसाजों को रायपुर में पैसे देने की बात कही। ठगी का शिकार कारोबारी ने अपने साले से दो करोड़ उधार लेकर जालसाजों के सुपुर्द कर दिया। घटना पिछले माह 18 दिसंबर की है। रकम वापस नहीं मिलने पर कारोबारी ने देवेंद्र नगर थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

ओडिशा, कालाहांडी के कारोबारी नेमीचंद जैन ने अपने परिचित अजीत पात्रा के अलावा अर्चना अग्रवाल, सुमित नंदा, विकास साहू तथा अजय त्रिपाठी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि नवंबर में उसके पास टेलीग्राम एप में एक मैसेज आया, जिसमें उसका परिचित अजीत के साथ अर्चना, विकास, सुमित अजय भी जुड़ा था। परिचितों के टेलीग्राम में जुड़े होने से नेमीचंद ने अजीत पात्रा से संपर्क किया। मैसेज में एक लाख निवेश करने पर 10 दिन में 30 हजार रुपए मुनाफा मिलने की बात का उल्लेख था। कारोबारी ने लालच में आकर एक लाख रुपए निवेश कर दिया। कुछ दिन बाद कारोबारी के अकाउंट में मूलधन के साथ लाभांश का 30 हजार रुपए उसके अकाउंट में आया।

***ऑनलाइन ठगी से बचने कैश पेमेंट :*** थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार कारोबारी को जालसाजों ने शेयर ट्रेडिंग में दो करोड़ निवेश करने पर 40 लाख मुनाफा मिलने का झांसा दिया। इसके लिए जालसाज कारोबारी पर लगातार दबाव बनाते रहे। इसके बाद कारोबारी ने उन लोगों से संपर्क कर कहा कि आजकल शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इससे बचने कारोबारी ने जालसाजों को रायपुर में कैश पेमेंट करने की बात कह कर उन्हें रायपुर आने के लिए कहा।

### किराए पर ऑफिस लेकर कारोबारी से पैसा लेकर चंपत हुए ठग

ओडिशा से रायपुर आने के बाद कारोबारी तथा जालसाज एक होटल में मिले। इसके बाद कारोबारी ने अपने साले के घर जाकर उनसे दो करोड़ रुपए कैश लिया, जिसे वीडियो कॉल के माध्यम से कारोबारी ने जालसाजों को दिखाया। जालसाजों ने कारोबारी को फाफाडीह स्थित लाल गंगा मिडास कांप्लेक्स स्थित अपने कार्यालय बुलाया। कारोबारी नोटों से भरा बैग लेकर लाल गंगा पहुंचा। ऑफिस में अजीत सहित अन्य जालसाज कारोबारी से मिले और ऑफिस को टाटा कंसल्टेंसी शेयर का ऑफिस बताकर कारोबारी से रकम हासिल की। बताया जा रहा है, जालसाजों ने कारोबारी से ठगी करने लालगंगा में ऑफिस किराए पर लिया था।



### आधी रकम देने का झांसा देकर गायब हुए ठग

कारोबारी नेमीचंद ने पुलिस को बताया है कि जालसाजों ने लाल गंगा में उससे पैसा लेने के बाद शेयर बाजार में तेजी आने का झांसा दिया और रकम तत्काल बैंक में जमा करने जाने की बात कही। जालसाजों ने कारोबारी से रकम लेने के बाद उसे आधे घंटे के भीतर उसके द्वारा निवेश रकम में आधी रकम मुनाफा देने का झांसा दिया और रफूचक्कर हो गए। संपर्क करने पर जालसाज कारोबारी को रकम वापस लौटाने के नाम पर गुमराह करते रहे। रकम वापस नहीं मिलने पर वह ठगी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा।

## निधन

### मनोरमा दुबे



रायपुर। शंकरनगर निवासी मनोरमा दुबे का 6 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिव कुमार दुबे की पत्नी एवं अरविंद दुबे की माता थीं।

### मीना सोनी



रायपुर। लोहार चौक पुरानी बस्ती निवासी मीना सोनी (72) का 6 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. विजय सोनी की पत्नी और हरीश सोनी और पारस सोनी की माता थीं।

### रोशनक कुरैशी

रायपुर। राजा तालाब निवासी वसीमुद्दीन की अहलिया रोशनक कुरैशी का इंतकाल हो गया है। उनकी मय्यत को गुरुवार को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मौदहापारा कब्रिस्तान ले जाया जाएगा, जहां उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे मोहम्मद रिजवान (तारिक) और मोहम्मद एहतेशाम (ताहिर) की वालिदा थीं।

# नगर निगम में ई आफिस सिस्टम लागू, शुरुआत में नई फाइलों पर फोकस, आयुक्त ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में अब ई आफिस सिस्टम शुरू हो गया है। प्रारंभिक तौर पर नई फाइल जनरेट होने पर इस सरल व ई फाइल के माध्यम से पेपरलेस कार्य पर फोकस किया जाएगा। ई आफिस प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने निगम के आईटी सेल ने निगम मुख्यालय से लेकर सभी 10 जोन दफ्तरों के कर्मचारियों और अधिकारियों की लॉग इन आईडी तैयार की है। इसमें निगम आयुक्त से लेकर सहायक ग्रेड 3 तक के कर्मचारी शामिल हैं। केवल चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को इससे अलग रखा गया है।

- **निगम मुख्यालय से लेकर जोन दफ्तर के 424 लोगों की लॉग इन आईडी तैयार**

सूत्रों के मुताबिक ई आफिस प्रणाली के लिए आईटी सेल ने 424 अधिकारियों व कर्मचारियों की आईडी पहले ही तैयार कर ली है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन आयुक्तों और विभाग प्रमुखों के नाम इस आशय का निर्देश जारी कर दिया है।

दरअसल, नगर निगम प्रशासन ने अपने विभागीय कार्यों मे कसावट लाने और कार्यो को कम समय में पूरा करने नए वर्ष से ई आफिस प्रणाली शुरू की है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर इसके संचालन के लिए विभाग प्रमुख सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रणाली के माध्यम से सभी विभागों के प्रमुख के डिजिटल सिग्नेचर ऑनलाइन कर विभागीय पत्र, नोटशीट और आवश्यक दस्तावेजों को डिजिटलाइज्ड कर अन्य विभागों को भेजा जा सकेगा। इसमें नस्ती को आगे बढ़ाने एवं विभागीय कार्य को कम समय में किया जाना आसान होगा।

नगर निगम में अब मेनुवल की जगह ई आफिस प्रणाली से कम समय में पारदर्शिता के साथ काम होगा। इस नए सिस्टम की खासियत ये है कि इससे नगर निगम का कार्य अब पेपरलेस हो जाएगा। यानी कुल मिलाकर प्रिंटिंग का झंझट नहीं रहेगा। संबंधित फाइल डिजिटल फार्मेट में मिनटों में संबंधित अधिकारी को मिल सकेगी।





### न चिट्ठी गुमने की शिकायत और न फाइल इधर-उधर होने का खतरा

राज्य सरकार की मंशा अनुरूप महात्मा गांधी सदन और नगर निगम के सभी दस जोन कार्यालयों में ई आफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इससे नगर निगम से जुड़े अहम कार्य मेनुअल की जगह पेपरलेस हो जाएंगे। वहीं निगम मुख्यालय व जोन दफ्तर में न चिट्ठी गुमने की शिकायत रहेगी, न ही विभागीय फाइल के इधर-उधर होने का अंदेशा रहेगा। कुल मिलाकर पूरी कार्यालयिन प्रक्रिया ई आफिस के माध्यम से संचालित होगी। इससे जहां मानिटरिंग करना आसान होगा वहीं समय की बचत होगी।

### लॉग इन आईडी तैयार

सूत्रों के मुताबिक महात्मा गांधी सदन और सभी जोन दफ्तरों में ई आफिस कंसेप्ट लाने से पहले एनआईसी ने निगम आयुक्त से लेकर विभाग अध्यक्ष, अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, दस जोन के जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य अधिकारी, एआरओ की लॉग इन आईडी तैयार कर ली है। नगर निगम मुख्यालय और जोन दफ्तर में पुरानी फाइलों का स्केन कर ऑनलाइन करने का कार्य भी साथ-साथ किया जा रहा है।

### इन बिंदुओं पर मिले निर्देश

- शासन के समस्त विभाग, संभाग आयुक्त और सभी कलेक्टरों को 1 जनवरी 2026 से सभी कार्यालयिन नस्तियां और डाक का संपादन ई आफिस से किया जाए।
- ऐसे प्रकरण जिन पर शासन स्तर की सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्थ कार्यालय द्वारा ई आफिस के फाइल के माध्यम से ही शासन को प्रेषित करना होगा।
- अधिकारियों द्वारा शासकीय प्रवास के दौरान मुख्यालय से अन्यत्र भी ई -आफिस के माध्यम से कार्य संपादित किए जा सकते हैं।
- सार्वजनिक अवकाश अवधि में शासकीय सेवक ई-आफिस के माध्यम से आवश्यकता अनुसार कार्य संपादित कर सकते हैं।

## सड़क कब्जामुक्त शेड हटाए, 16 गुमटियां जब्त



रायपुर। शहर के मुख्य मार्गों पर आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने टीम प्रहरी अलग-अलग जोन क्षेत्र में जाकर अवैध रूप से संचालित ठेले व गुमटी के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम जोन 9 में मोवा ब्रिज से दलदल सिवनी मुख्य मार्ग से सटकर अवैध रूप से बनाए गए 13 शेड को हटाया गया। इसके साथ ही 16 गुमटियां जब्त की गईं। निगम मुख्यालय की टीम प्रहरी और नगर निगम जोन 9 की संयुक्त टीम ने सुगम आवागमन के लिए आवागमन में बाधक बन रहे अवैध शेड और ठेले व गुमटियों को हटाया। इस अभियान में कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, संदीप तिवारी, उप अभियंता अतुल बंसल की उपस्थिति रही। इसी तरह जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम ने जन शिकायत पर शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग पर सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे 8 नारियल ठेलों और 2 फल ठेलों को सड़क से जब्त कर यातायात सुगम बनाया।

## बिजनेस साइट

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक सर्जरी पर शैक्षणिक भ्रमण



रायपुर। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक सर्जरी पर तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर आधुनिक चिकित्सा तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से परिचित कराया गया। विशेषज्ञों ने रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी की कार्यप्रणाली, न्यूनतम चीरे वाली प्रक्रियाओं, बेहतर सटीकता, कम रिकवरी समय और मरीजों को होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के साथ एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने अपने दीर्घ सर्जिकल अनुभव साझा किए।

### रायपुर में सिल्वर जुबली ऑर्थोपेडिक सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक



रायपुर। छत्तीसगढ़ रायपुर ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन, बिलासपुर ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन एवं रायपुर ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में सिल्वर जुबली ऑर्थोपेडिक सम्मेलन का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में किया जा रहा है।

तीन दिवसीय इस भव्य सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सहित देशभर से प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ, वरिष्ठ सर्जन, प्रोफेसर एवं युवा चिकित्सक भाग लेंगे। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन में हड्डी एवं जोड़ रोग, ट्रॉमा के आधुनिक उपचार, घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण, स्पोर्ट्स इंजरी, रीढ़ की समस्याओं तथा नई सर्जिकल तकनीकों पर व्याख्यान, वैज्ञानिक सत्र, पैनल चर्चा और कार्यशालाएं आयोजित होंगी। युवा चिकित्सकों के लिए हेंड्स-ऑन ट्रेनिंग, केस प्रेजेंटेशन और शोध पत्र प्रस्तुतिकरण का भी प्रावधान रहेगा। साथ ही नवीन मेडिकल तकनीक एवं उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आज

UMH™ आयुष्मान भवः

रायपुर। भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जांच लिवर की स्थिति जानने के लिए अत्यंत उपयोगी है और फैटी लिवर, फाइब्रोसिस एवं सिरोसिस जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान में सहायक होती है। शिविर में जांच पूर्णतः निशुल्क की जाएगी, जिसके लिए पूर्व पंजीकरण आवश्यक है। इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आज की जीवनशैली और खानपान के कारण लिवर और पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। सही समय पर जांच और उपचार से इन बीमारियों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। अस्पताल का गैस्ट्रो केयर विभाग आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सा के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, मैनेजिंग डायरेक्टर नम्रता सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

## पेज 11 के शेष...

### अंबिकापुर ही नहीं ...

अंबिकापुर के मौसम विशेषज्ञ ए. भट्ट ने बताया कि मैनपाट के आलू अनुसंधान केंद्र में न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा बलरामपुर, सूरजपुर में तापमान सामान्य से काफी कम होने की वजह से पिछले कई दिनों से वहां पाला जमने और खुले में रखे सामान पर बर्फ की चादर जम रही है। उन्होंने बताया कि पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री रहा है, इतनी गिरावट जनवरी के प्रथम सप्ताह में 2011 से नहीं हुई है। इसके अलावा वर्ष 2016 के बाद जनवरी का पारा इतना नीचे नहीं गया है।

कुछ ऐसा ही हाल राजधानी से लगे माना इलाके का भी है। यहां भी शीतलहर का प्रकोप है और न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है और ऐसे हालात यहां भी पिछले आठ दस सालों में नहीं हुए हैं। सामान्य से 6.2 डिग्री कम होने की वजह से यहां अति शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ठंड अपनी पीक स्थिति पर है। इस बार प्रदेश में पहले असर दिखाने वाली ठंड की विदाई भी देर से होने का अनुमान है।

### दसवीं में 33% व बारहवी...

जबकि बारहवीं कक्षा में 12 हजार 649 पंजीकृत हैं। यह संख्या केवल शासकीय विद्यालयों की है। निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या इनसे पृथक है। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा निजी स्कूलों के लिए तिमाही-छमाही परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जाता है। इन्हें मॉनिटरिंग में भी शामिल नहीं किया जाता है। निजी स्कूल पृथक रूप से अपने छात्रों के लिए तिमाही-छमाही का आयोजन कर रणनीति बनाते हैं। संपूर्ण जिले के छात्रों का मूल्यांकन एक आधार पर हो, इसलिए अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी केंद्रीकृत हुई हैं। अर्थात सभी छात्रों को एक समान प्रश्नपत्र बांटे गए। जिला शिक्षा कार्यालय से इसका वितरण स्कूल प्रबंधन को हुआ था।

### पूछताछ के लिए मां ...

पुलिस के जाते ही अमीना ने घबराकर अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसियों ने अमीना को फांसी के फंदे पर लटकते देखा, तो कमरे का दरवाजा तोड़ कर उसे उपचार के लिए मेडिशाइन अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सतकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी।

### भाठागांव की डेयरी में ...

भी तैयार किया जा रहा है। बुधवार को खाद्य एवं प्रशासन की टीम भाठागांव केसरी बगीचा के समीप स्थित केएलपी डेयरी एंड मिल्क प्रोडक्ट में जांच के लिए पहुंची। आरोप है कि वहां अस्वस्थ कर परिस्थितियों में पनीर का निर्माण किया जा रहा था। गंदगी वाली स्थिति में तैयार किए गए 1700 सौ किलो लूज पनीर जब्त कर लिया गया है। इसकी अनुमानित कीमत 4.76 लाख रुपए आंकी गई है। अधिकारियों का कहना है कि पनीर के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद संस्थान के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं संबंधित संस्थान के संचालक को ऑनलाइन सुधार के लिए सूचना भेजी गयी है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पिछले साल के अंतिम दिनों में भी एनालॉग, पनीर और खोवा बनाने वाले संस्थानों में छापेमारी की थी। इस दौरान कुल 9700 किलो पनीर जब्त किया गया था। जांच रिपोर्ट में नमूना अमानक आने पर संबंधित पनीर को नियमानुसार नष्ट कराया गया था।

### महादेव सट्टा के प्रमोटर...

की है, उन लोगों ने सट्टा से कमाई रकम को व्हाइट करने हरि शंकर टिबरेवाल की कंपनी में स्काय एक्सचेंज निवेश किया था। इसके अलावा ईडी ने सौरभ चंद्राकर के सहयोगी गगन गुप्ता की 17.5 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। अटैच की गई संपत्तियों में गगन गुप्ता के परिवार के सदस्यों के नाम पर रखी गई महंगी रियल एस्टेट और लिक्विड एसेट्स शामिल हैं, जिन्हें कैश में खरीदा गया था।

### गोकुलनगर, सिमरन...

कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता अंकुश अग्रवाल, सागर ठाकुर की उपस्थिति में 20 मकान जो प्लिन्थ लेवल, स्लैब लेबल तक निर्माण हो चुका था, उसे तोड़ा गया। जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव ने बताया कि संबंधित निर्माणकर्ता को नियम अनुसार तीन बार नोटिस भी जोन के माध्यम से दिया गया, जिसका कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर नियम अनुसार अवैध निर्माण तोड़ने टीम भेजी गई।

### बसंत विहार कालोनी ...

मच गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। बुलडोजर की कार्रवाई शुरू होते ही स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकले और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रभावित लोगों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना और नोटिस के उनके घर को तोड़ा गया है।

### सूचना के बाद भी घर...

कहना है यह जमीन नगर निगम की है और यहां अवैध निर्माण किया गया था। इसी तरह जोन 8 क्षेत्र में निगम आयुक्त के आदेश और जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर हीरापुर क्षेत्र में व्यासायिक गोडाउन में किए गए अतिरिक्त अवैध निर्माण को गैस कटर और श्रमिकों की सहायता से तोड़कर हटाने स्थल पर अभियान चलाया गया। अभियान में कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, उपअभियंता अबरार खान, लोचन प्रसाद चौहान की उपस्थिति रही।

# किशोरी से रेप, जमानत पर छूटने के बाद सजा से बचने विवाह, प्रताड़ित होने पर की खुदकुशी

रायपुर। आरंग थाना क्षेत्र में पांच वर्ष पूर्व रेप करने के आरोपी को कोर्ट ने मृत्युपर्यंत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। रेप के आरोपी ने जेल से जमानत पर छूटने के बाद सजा से बचने किशोरी से शादी कर ली थी। शादी के बाद युवक किशोरी को प्रताड़ित करने लगा। इससे तंग आकर किशोरी ने खुदकुशी कर ली थी। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, फास्ट्र ट्रैक कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार किशोरी के गांव के 19 वर्षीय युवक को कोर्ट ने कैद तथा उम्रकैद की सजा सुनाई है। किशोरी के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके गांव का दर्जी उसकी बेटी को शादी करने का झांसा देकर 12 सितंबर 2020 को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और रेप किया। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को 16 सितंबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया।

- **0 आरोपी युवक को कोर्ट ने मृत्युपर्यंत उम्रकैद की सजा सुनाई**

***सजा से बचने शादी करने के बाद किया प्रताड़ित :*** रेप के आरोप में जेल में बंद युवक सात माह बाद जमानत पर जेल से रिहा हुआ। जेल से छूटने के बाद रेप के आरोपी युवक ने सजा से बचने किशोरी के साथ उसके बालिग होने से पूर्व विवाह कर लिया। विवाह करने के बाद युवक किशोरी को प्रताड़ित करने लगा। इससे तंग आकर किशोरी ने खुदकुशी कर ली थी।





### ।। आम-सूचना ।।

जारी दिनांक 07.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरीश वर्मा पिता अमरनाथ वर्मा निवासी डगनिया द्वारा आवेदित ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 545/3 रकबा 0.0090 हे. कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 0.0090 हे.भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 23.12.2025 के परिपालन में दिनांक 13.01.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 60 के भाठागांव स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक,**
**रायपुर -13 भाठागांव**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रेष्ठा राय, आयु 23 वर्ष, पुत्र प्रभात रंजन राय, निवासी गौरी जुगल निवास, अमलीडीह, रायपुर (छत्तीसगढ़), यह सूचित करता हूं कि मैंने अपना नाम श्रेष्ठा राय से बदलकर श्रेष्ठ प्रणव कर लिया है। यह नाम परिवर्तन मेरी स्वेच्छा से किया गया है। भविष्य में मेरे सभी शासकीय, शैक्षणिक, बैंक एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम श्रेष्ठ प्रणव ही माना जाए।

### :: उद्घोषणा ::

क्रमांक 11496 / आर.सी./ रा.वि.प्रा. /2025

रायपुर दिनांक 20.11.2025

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 07 योजनान्तर्गत **भूखंड क्रमांक सी1-114/7 क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट श्री शूभेन्द्र सिंग चौहान पिता स्व. दिलावर सिंग चौहान** को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त **भूखण्ड** को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त **भूखंड** को फ्री होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति /दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति /दावा प्राप्त नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति /दावा ग्राहय नहीं होगा।

जारी दिनांक .......

**राजस्व अधिकारी, (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण,**
**रायपुर (छ.ग.)**

### Name Change/ Name Clarification Public Notice

This is to inform the general public that I, **Salma Siddiqui, Wife of Atif Zaheer**, Resident of Near Noorani Chowk, Amar Chowk, in front of Chetan Kirana Store, Raipur (Chhattisgarh), do hereby declare through an affidavit that my name has been recorded differently in various documents as Ms. Salma Khatoon, Daughter of Mohammad Atiullah, and **Salma Siddiqui, Wife of Atif Zaheer**. It is hereby clarified that Ms. **Salma Khatoon and Salma Siddiqui** refer to one and the same person.

Henceforth, I should be known and identified as Salma Siddiqui in all government, semi-government, educational, bank, revenue, and other official records.

**Deponent**
**Salma Siddiqui**
**Resident-Raipur (Chhattisgarh)**

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने किया शासकीय कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विषणुदेव साय ने प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने लिपिक कर्मचरियों के वेतन विसंगति के बारे में चर्चा की और नए वर्ष की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर लिपिक संघ के संरक्षक इदरीश खान, जवाहर लाल यादव, अमितेश तिवारी, विभोर चतुर्वेदी, आकाश त्रिपाठी, गौतम हाजरा, टिकेन्द्र साहू, किशोर पटेल, प्रमोद पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

### दुर्ग-हटिया के बीच विशेष ट्रेन का विस्तार

**रायपुर।** दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 31 दिसम्बर तक किया जा रहा था। यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुये इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 30 जनवरी तक किया गया है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी हटिया से दुर्ग के लिये प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 08 जनवरी से 29 जनवरी तक चलेगी। इसी प्रकार दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 09 जनवरी से 30 जनवरी तक दौड़ेगी।

### 'सुप्रजा' अभियान से मिल रहा गर्भवती महिलाओं को लाभ

**रायपुर।** राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम "सुप्रजा" के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, प्रसवोत्तर माताओं एवं नवजात शिशुओं की समग्र देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष पद्धतियों के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ शिशु तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच की जाती है, जिसमें यूरिन प्रेगनेंसी टेस्ट, रक्तचाप, ब्लड शुगर, पेशाब की जांच, हीमोग्लोबिन प्रतिशत, ऊंचाई एवं वजन तथा गर्भस्थ शिशु की स्थिति की जांच शामिल है। ये सेवाएं प्रतिमाह शिविरों एवं ओपीडी के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। आवश्यकता अनुसार सोनोग्राफी कराने की सलाह भी दी जाती है। इसके साथ ही गर्भवती महिला, टारगेट कपल एवं परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग भी की जाती है।

### जिला अस्पताल की आईपीएचएल लैब को एनक्यूएएस का सर्टिफिकेट

**रायपुर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जिला अस्पताल रायपुर के इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएएस) का प्रमाणन प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी है। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखे पत्र में नड्डा ने उल्लेख किया कि रायपुर आईपीएचएल देश में अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला बन गई है, जिसे यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य की विश्वसनीय एवं क्वालिटी-अश्योर्ड डायग्नोस्टिक सेवाएँ प्रदान करने की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है।

# पंद्रह साल बाद बदलेगी एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज की तस्वीर, बदली जाएंगी पुरानी मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुरुआत के पंद्रह साल बाद राजधानी में संचालित प्रदेश के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली मशीन बदली जाएंगी। कालेज प्रबंधन द्वारा भेजे गए करीब चार करोड़ के आवश्यक सामान की खरीदी की प्रक्रिया सीजीएमएससी द्वारा शुरू की गई है। मरीजों के इलाज में उपयोग होने वाली डेंटल चेयर, एक्स-रे मशीन सहित अन्य सामान बदले जाएंगे।

खास खबर

शासकीय डेंटल कालेज में आने वाले मरीजों को नाममात्र के शुल्क पर दांतों से संबंधित विभिन्न बीमारियों के उपचार की सुविधा दी जाती है। यहां प्रतिदिन ओपीडी में ढाई से तीन सौ मरीजों की जांच ओपीडी में की जाती है। कालेज के हास्पिटल में मरीजों के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनें पुरानी हो चुकी हैं। इसकी वजह से कई बार मरीजों को निराश होना पड़ता है अथवा अपनी जांच अथवा इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कालेज प्रबंधन ने पुरानी मशीनों को बदलने के साथ आवश्यकताओं के अनुसार सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधन जुटाने के लिए करीब चार करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा था।

काफी इंतजार के बाद इस प्रस्ताव पर सीजीएमएससी ने काम करना शुरू कर दिया है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। दवा निगम तीन सौ प्रकार के छोटे-बड़े सामान की खरीदी कर रहा है। इनमें डेंटल चेयर, एक्स-रे मशीन से लेकर मॉनिटर जैसी मशीनों के साथ दांतों के उपचार में लगने वाली सामग्री का भी उल्लेख है।

### आंबेडकर अस्पताल में मिली ओटी

शासकीय डेंटल कालेज के डाक्टर आंबेडकर अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर का उपयोग मरीजों की आवश्यक सर्जरी के लिए कर रहे हैं। इसके लिए सप्ताह में तीन दिन शल्य प्रक्रिया का समय तय किया गया है। वहां के ऑपरेशन थियेटर के रख-रखाव और उससे संबंधित सामग्रियों की व्यवस्था भी शासकीय डेंटल कालेज के द्वारा किया जाता है।



- डेंटल चेयर से लेकर एक्स-रे मशीन सहित 3 सौ सामग्री की खरीदी
- काफी समय से लंबित था करीब चार करोड़ की खरीदी का प्रस्ताव

### ज्यादा मरीजों का इलाज होगा

नई मशीन सहित अन्य संसाधन मिलने से ज्यादा से ज्यादा मरीजों की जांच और आवश्यक इलाज किया जा सकेगा। आवश्यक संसाधन में बदलाव करने का प्रस्ताव भेजा गया था जिस आधार पर खरीदी की प्रक्रिया सीजीएमएससी पूरी कर रही है।

- **डा. विरेन्द्र वाढ़ेर**, प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिए थे निर्देश

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने स्वशासी समिति की बैठक के दौरान मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिए थे। इस दौरान उन्होंने कालेज प्रबंधन से आवश्यक सामानों को सूचीबद्ध कर खरीदी का प्रस्ताव भेजने कहा था। भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर सीजीएमएससी द्वारा खरीदी के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की गई है।

## रेत घाट का ठेका की अवधि मार्च 2025 में ही खत्म हो चुकी

# पारागांव घाट में अवैध रूप से चल रहा था रेत का उत्खनन-परिवहन, ग्राम पंचायत ने कराया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारागांव रेत घाट में पिछले कुछ महीने से अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था। ग्राम पंचायत को जब इसकी जानकारी मिली, तो इस घाट में न केवल उत्खनन पर रोक लगाई, बल्कि गांव में जगह-जगह भंडारण की गई रेत को भी अपने कब्जे में ले लिया है। जिले में यह दूसरा मामला है, जिसमें ग्राम पंचायत ने घाट पर चल रहे अवैध उत्खनन को बंद कराया है। इस गांव के सरपंच का कहना है कि इस घाट का ठेका की अवधि मार्च 2025 में ही खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी घाट पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन, परिवहन और भंडारण किया जा रहा था, जिस पर ग्राम पंचायत ने विरोध करते हुए इस पर रोक लगाई है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पारागांव आरंग रेत घाट को मार्च 2023 में ठेके पर दिया गया था। इस घाट को दो वर्ष के लिए दिया गया था। इस तरह मार्च 2025 में उत्खनन की अवधि खत्म हो गई। सूत्रों के अनुसार घाट के ठेकेदार ने ठेका की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाने के लिए खनिज और पर्यावरण विभाग को प्रस्ताव भेजा है, जिसे स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी इस घाट में नवंबर से रेत का उत्खनन, परिवहन और भंडारण किया जा रहा था। इधर ग्राम पंचायत चुनाव में चुनकर आई गांव की नई सरपंच अंजू बंजारे के पति शशिकांत ने बताया कि उनकी पत्नी के सरपंच बनने के बाद से घाट में लगातार रेत का उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शुरुआती महीनों में घाट संचालन एवं नियमों की जानकारी का अभाव था, जिसका फायदा घाट तथा भंडारण करने वाले लोग उठा रहे थे। इस बीच विभाग में क्षमता से अधिक रेत भंडारण की शिकायत भी की गई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने प्रकरण बनाकर जुर्माना भी वसूला था, लेकिन इसके बाद भी यहां रेत का अवैध कारोबार थम नहीं रहा था।

### गांव में बैठक कर बंद कराने का लिया फैसला

सरपंच पति ने बताया कि घाट में अवैध उत्खनन और अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए गांव में बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि घाट में उत्खनन की अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए गांव की भलाई के लिए अब इसे बंद कराना उचित होगा। ग्राम पंचायत के इस निर्णय का पूरे गांव ने समर्थन दिया।



### भंडारण की गई रेत का गांव के विकास कार्यों में किया जाएगा इस्तेमाल

गांव में अवैध रूप से भंडारण की गई रेत को भी ग्राम पंचायत ने अपने कब्जे में ले लिया है। सरपंच पति ने बताया कि इस रेत का उपयोग भी गांव की भलाई एवं विकास कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा।

### दो साल पहले गौरभाठ में भी बंद कराई गई थी खदान

*दो साल पूर्व आरंग क्षेत्र के ग्राम गौरभाठ के ग्राम पंचायत ने भी इसी तरह घाट में उत्खनन पर न केवल रोक लगाई थी, बल्कि इसकी नीलामी भी नहीं होने दिया था। गांव के लोगों का कहना था कि घाट से करोड़ों रुपए की रेत का उत्खनन-परिवहन किया जाता है, लेकिन गांव में ही विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं। घाट चलने से गांव को फायदा नहीं होने से ग्रामीणों ने वर्ष 2023 में इसकी नीलामी भी नहीं होने दी थी। हालांकि बाद में गांव के लोगों ने मिलकर इस घाट की अपने से नीलामी कर दी थी। इसके लिए गांव में बैठक बुलाकर बोली भी लगवाई गई थी। यह बोली एक करोड़ रुपए तक गई थी। इस नीलामी का एक विडियो भी वायरल हुआ था। इस विडियो के वायरल होने एवं हरिभूमि में प्राकशित खबर के बाद खनिज विभाग में हड़कंप भी मचा था, जिसके बाद विभाग ने इस मामले में एफआईआर भी कराई थी। इस मामले की जांच अब तक चल रही है।*

## 42 फीसदी करदाताओं ने किया ऑनलाइन टैक्स भुगतान

# 475 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य, अब तक 135 करोड़ वसूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने राजस्व अमले को 475 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है, लेकिन अभी तक 135 करोड़ की राजस्व वसूली हो पाई है। अब 3 महीने में 340 करोड़ रुपए का राजस्व वसूलना नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती है। राजस्व वसूली का यह टारगेट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 175 करोड़ रुपए ज्यादा है। इस बार 42 फीसदी करदाताओं ने घर बैठे ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स का भुगतान किया है। अब निगम के राजस्व अमले का फोकस बड़े बकायादारों से टैक्स वसूली और ओपन प्लॉट से टैक्स वसूली पर है।

**मॉल, मैरिज गार्डन, आउटर में स्थित गोडाउन का रिएसेसमेंट में जुटा अमला** : नगर निगम का राजस्व अमला शहर के आउटर में स्थित मॉल, मैरिज गार्डन और व्यवसायिक प्रयोजन के लिए बनाए गए गोडाउन से बकाया कर वसूली को लेकर है। इसके लिए जोन स्तर पर टीम बनाकर इन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नए सिरे रिएसेसमेंट कर वास्तविक करों की गणना करने पर है। सूत्रों के मुताबिक अंबुजा मॉल, कलर्स मॉल और गौरवगार्डन सहित वीआईपी रोड में स्थित हॉटलों में रिएसेसमेंट के बाद यूजर्स चार्ज बढ़ा है। इसके साथ ही कुछ नए इलाके में व्यवसायिक प्रयोजन के लिए बनाए गए प्रतिष्ठानों और गोदाम से कर वसूली पर नगर निगम के राजस्व अमले की नजर है।



- बड़े बकायादार और ओपन प्लॉट से टैक्स वसूली पर फोकस

**बिजली कंपनी : 1.12 करोड़ का डिमांड** : नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव ने बताया कि उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के सब स्टेशन और बिल्डिंग जिसमें हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड और डीडी नगर सहित अन्य जगहों पर मूल्यांकन कर 1 करोड़ 12 लाख रुपए प्रापर्टी टैक्स का डिमांड नोटिस जारी किया है।

### 70 च्वाइस सेंटरों में प्रापर्टी टैक्स भुगतान की है सुविधा

नगर निगम के 70 वार्ड के रहवासियों को उनके नजदीक के स्थान में प्रापर्टी टैक्स की ऑनलाइन भुगतान सुविधा के लिए नगर निगम ने शहर के 70 च्वाइस सेंटरों को अधिकृत कर ये सुविधा उपलब्ध कराई है। इन च्वाइस सेंटरों के माध्यम से लोग 30 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन शुल्क भुगतान कर संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। इससे शहरवासियों को बकाया करों के भुगतान में काफी हद राहत मिली है।

# शैलेंद्रनगर में हरे-भरे पेड़ों की कटाई पर मचा बवाल, सूखा बताकर दे दी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के शैलेंद्रनगर में हरे-भरे पेड़ों की कटाई के मामले में बवाल मच गया है। हरा-भरा होने के बावजूद इन पेड़ों को सूखा घोषित कर वन विभाग और राजस्व विभाग ने काटने की अनुमति दे दी, जिसके बाद इन विशाल पेड़ों की कटाई की जा रही है। इधर इस मामले में एसडीएम रायपुर नंदकुमार चौबे ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वन विभाग के एसडीओ के प्रतिवेदन के आधार पर यह अनुमति दी है। एसडीएम के कथन से यह सिद्ध होता है कि राजस्व विभाग ने अनुमति देने से पहले इन पेड़ों का निरीक्षण तक नहीं कराया है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग ने अपने प्रतिवेदन में हरे-भरे पेड़ों को सूखा क्यों बताया है। इस संबंध में कुछ भी कहने से विभाग के अफसर भी बच रहे हैं।

- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने पल्ला झाड़ा, कहा- वन विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर दी गई अनुमति



### विधायक राजेश मूणत ने उठाए सवाल

*विधायक राजेश मूणत भी इन पेड़ों की कटाई पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में इन पेड़ों की कटाई को लेकर संबंधित विभाग के अफसरों को पत्र भी वायरल किया है, जिन्होंने पेड़ काटने की अनुमति दी है। पोस्ट किए गए फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि जिन पेड़ों को काटा गया है, वे सभी हरे-भरे थे। श्री मूणत ने हरे-भरे पेड़ों के इस तरह से काटे जाने पर चिंता जताई है।*

### तीन दिन में मिल गई अनुमति

इन पेड़ों को काटने के लिए मोहल्लेवासियों ने गुरुवार 1 जनवरी 2026 को आवेदन किया था। इस आवेदन के बाद 3 एवं 4 तारीख को शनिवार और रविवार अवकाश था, वहीं 6 तारीख को इसकी अनुमति भी दे दी गई, जिसके बाद बुधवार से इन पेड़ों को कटाई भी शुरू कर दी गई है। इस तरह 3 दिन में ही वन विभाग और राजस्व विभाग से कटाई की अनुमति देने का कारण कहीं न कहीं सवाल खड़े कर रहा है।

### सात पेड़ों को सूखा बताकर दी गई काटने की अनुमति

राजस्व विभाग में वन विभाग के एसडीओ ने 7 पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए प्रतिवेदन भेजा है। इस प्रतिवेदन में वन विभाग की ओर से शैलेंद्र नगर एचआईजी कालोनी में ओमप्रकाश चंदवानी सहित अन्य मोहल्लेवासियों की मांग पर छातिम के 7 वृक्षों की कटाई के लिए अनुमति मांगी गई थी। इन पेड़ों को कटाई से संबंधित प्रतिवेदन बनाने से पहले वन विभाग की ओर से मौके पर जाकर इन पेड़ों का मुआयना किया था। मोहल्लेवासियों ने वन विभाग को अवगत कराया था कि सातों पेड़ सालों पुराने हैं तथा सूख चुके हैं। इसके कारण ये पेड़ कभी भी गिर सकते हैं, जिसके कारण जनहानि भी हो सकती है। वन विभाग की टीम ने जांच के बाद अपने प्रतिवेदन में इन पेड़ों को सूखा घोषित कर इससे जनधन की हानि होने की संभावना जताई है। अनुविभागीय अधिकारी ने इस प्रतिवेदन के आधार पर इन पेड़ों को सूखा मानकर काटने की अनुमति दे दी। इसके बाद से इन पेड़ों की कटाई का कार्य किया जा रहा है।

# कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री को बजट में आयकर और जीएसटी सरलीकरण के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट ने आम बजट के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आयकर एवं जीएसटी में सरलीकरण करने बिंदुवार सुझाव दिया है। इसमें छोटे करदाताओं को दीर्घकालिक और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ पर राहत देने अपीलों की प्राथमिकता से सुनवाई और उसके निपटान, खुदरा व्यापार को बढ़ावा दिए जाने संबंधी सुझाव शामिल हैं।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापार एवं उद्योग हित में दिए गए सुझावों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह केन्द्रीय वित्त मंत्री से किया गया है।

- आम बजट के लिए बिंदुवार सुझाव

### आयकर सरलीकरण संबंधी सुझाव इस तरह

- *आईटीआर दाखिल करने के लिए अनिवार्य विलंब शुल्क को युक्तिसंगत बनाया जाए।*
- *प्राथमिक मेल और द्वितीयक मेल दोनों में ई-मेल के माध्यम से नोटिस आदि की सेवा अनिवार्य हो।*
- *धारा 148 - मूल्यांकन को फिर से खोलने के नए प्रावधान संबंधी सुझाव।*
- *अपीलों की प्राथमिकता पर सुनवाई और निपटान। इसी तरह जीएसटी सरलीकरण के संबंध में कैट के पदाधिकारियों ने सुझाव देते हुए कहा है कि एचएसएन कोड मानकीकरण किया जाए। कंपोजीशन डीलर टर्नओवर सीमा में वृद्धि, जीएसटीआर-3बी में संशोधन की सुविधा हो। इसी तरह इनपुट टैक्स क्रेडिट को 99 प्रतिशत तक सीमित करने संबंधी सुझाव दिया गया है।*


### कांदुल में लोक खेल जलसा 11 को

**रायपुर।** लोक खेल दिवस पर रायपुर जिला लोक खेल एसोसिएशन द्वारा ग्राम कांदुल में 11 जनवरी को लोक खेल जलसा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इच्छुक प्रतिभागी 11 जनवरी को सुबह 11 बजे तक उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। खेल में गिल्ली डंडा और गेड़ी दौड़ आदि प्रतियोगिता होगी। खेलों के विजेताओं को जनसहयोग से आकर्षक नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच तिलेश्वरी धुरंधर करेंगी। कार्यक्रम में ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल होंगे।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 भव्य डोम में एलईडी स्क्रीन, श्रोताओं के ....

## लाइव इवेंट

## जिस विषय में रुचि हो, उसी को बनाएं कॅरियर का आधार स्तंभ



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को मनोबल बढ़ाने और उत्साह के साथ परीक्षा की तैयारी में जुटना चाहिए। इसके लिए मोटिवेट करने बुधवार को इंदिरा गांधी कृषि कॉलेज की प्रिंसिपल एवं साइंटिस्ट सोनाली देवले महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। उनको कॅरियर को लेकर विषय चयन पर कहा कि किसी के दवाब में पढ़ाई न करें। जिस विषय में रुचि हो, उसी में आगे पढ़ाई करें और कॅरियर का आधार स्तंभ बनाएं। उन्होंने कहा कि दबाव में नहीं, मन लगाकर पढ़ाई करें। डॉ. सोनाली देवले ने कहा कि 10वीं पास करके के बाद विषय का चयन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है।

### उस विषय में अध्ययन आसान होगा

उन्होंने कहा कि अब आप 12वीं क्लास में हैं, तो ऐसे एक बार फिर सामने विषय चयन की चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाएं। जिसमें आपकी रुचि अधिक हो, उस विषय और फिल्ड को ही कॅरियर का आधार बनाएं। क्योंकि, जिस विषय में रुचि अधिक होगी, उस विषय में अध्ययन आसान होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विषय का चयन करते समय उस विषय में भविष्य में कितना स्कोप है, इसकी जानकारी जरूर जुटानी चाहिए। पालकों को भी भरोसा दिलाना चाहिए कि आप संबंधित फिल्ड में बेहतर कर सकते हैं।

### मोटिवेशनल स्पीच के लिए सजाया मंच

डॉ. सोनाली ने विद्यार्थियों को एग्रीकल्चर के कई ब्रांच की जानकारी देते हुए कहा कि उसमें भी रिसर्च कर सकते हैं। इससे पूर्व डॉ. सोनाली का स्वागत स्कूल के उप प्राचार्य राहुल वोड़ितेलवार ने किया। मोटिवेशनल स्पीच के लिए सजाए गए मंच का संचालन सुनिधि रोकड़े और आभार प्रदर्शन तृप्ति अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूल प्रभारी परितोष डोनगांवकर और सह प्रभारी नवीन देशमुख उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए विद्यार्थी जीवन से जुड़े अनुभव को साझा किया।

## एनआईटी के छात्रों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इंटर्नशीप और प्लेसमेंट का मिल रहा सुनहरा अवसर

# इंटरनेशनल कंपनियों में 60 लाख तक का पैकेज प्लेसमेंट से इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की फ्यूचर हो रही ब्राइट

**एनआईटी के छात्रों की सपनों को दुनिया भर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इंटर्नशीप और प्लेसमेंट से पंख लग रहे हैं। संस्थान ने अपने पिछले पांच प्लेसमेंट सेशन में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। स्टूडेंट्स को मोटी एनुअल पैकेज पर इंटरनेशनल कंपनियों जैसे गूगल, डीईशॉ कम्प्यूटर प्रोगाम डेवलपर कंपनी जॉब्स ऑफर व प्लेसमेंट के लिए अप्रोच कर रही हैं।**

**रायपुर।** एनआईटी के फैकल्टी इन चार्ज प्लेसमेंट सेल डॉ. विवेक कुमार गाबा के मुताबिक पिछले लास्ट प्लेसमेंट सेशन में संस्थान के छात्र दिव्यांश पांडे कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और विराज चंद्रा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को गूगल से 60 लाख रुपए प्रति वर्ष प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला है। संस्थान की छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सेल्सफोर्स जैसी विश्व प्रसिद्ध क्लाउड-आधारित सॉफ्टवेयर कंपनी में शानदार प्री प्लेसमेंट ऑफर हासिल किया है। इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन ब्रांच से खुशी बंसल और कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच से प्रज्ञा दवे ने इस उपलब्धि को हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। छात्रों ने सेल्सफोर्स की ऑफ-कैंपस भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार करते हुए अपने तकनीकी कौशल, समर्पण और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का परिचय दिया। दोनों छात्राओं को सेल्सफोर्स में एसोसिएट मेंबर ऑफ टेक्निकल स्टाफ पद के लिए चयनित किया गया है। खुशी को 46 और प्रज्ञा को 40 लाख रुपए प्रति वर्ष का प्री प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुआ है।






### इस साल का प्लेसमेंट सेशन जारी

संस्थान में इस वर्ष प्लेसमेंट सेशन के लिए इंटरनेशन बहुराष्ट्रीय कंपनियों से स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट और इंटर्नशीप सेशन जारी है। लास्ट प्लेसमेंट सेशन की तरह इस प्लेसमेंट सेशन में भी बड़ी कंपनियां प्लेमेंट्स ऑफर रिसीव हो रहे हैं। इस प्लेसमेंट सेशन का क्लोजिंग आगामी जून-जुलाई तक होगा। इसके बाद हाई पैकेज प्लेसमेंट का मालूम चलेगा।

### प्लेसमेंट मिलने के बाद खिले छात्रों के चेहरे

गूगल व डीईशॉ, सेल्सफोर्स जैसी विश्व प्रसिद्ध क्लाउड-आधारित सॉफ्टवेयर कंपनी में 60 से 58 लाख रुपए प्रति वर्ष प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिलने के बाद छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे हैं। स्टूडेंट्स का कहना है कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर, सीनियर्स ने डेटा स्ट्रक्चर्स, वेब एंड ऐप डेवलपमेंट और एल्गोरिदम डीएसए के पद पर ऑफर मिलने के बाद उनके सपनों को पंख लगने जैसा है।






### स्टूडेंट्स को मनपसंद कंपनियों में प्लेसमेंट ऑफर्स

2020 से 2025 तक विविध बहुराष्ट्रीय कंपनियों से एनआईटी को लगभग 3789 प्लेसमेंट्स ऑफर मिले। इनमें से औसतन 73 प्रतिशत तक स्टूडेंट्स को उनकी मनपसंद कंपनियों में अधिकतम 60 लाख और न्यूनतम 3.66 लाख रुपए तक के एनुअल पैकेज में जॉब्स एचीव मिले हैं। इनमें डीईशॉ कंपनी में सचिन सैनी बीटेक ब्रांच इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, विभोर सिंह बीटेक ब्रांच इंफॉरमेंशन टेक्नोलॉजी, सजल डड़सेना बीटेक ब्रांच इनफॉरमेंशन टेक्नोलॉजी को 58-58 लाख रुपए की एनुअल पैकेज मिले हैं।

## सिटी इवेंट

## राजस्थानी और छत्तीसगढ़ी गीत संगीत पर विद्यार्थियों ने मचाई धूम



**रायपुर।** शिक्षा प्रचारक समिति द्वारा संचालित वामनराव लाखे उच्च माध्यमिक शाला एवं एसपी इंग्लिश मीडियम स्कूल हीरापुर में राजस्थानी और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का माहौल रहा। बुधवार को सांस्कृतिक आयोजन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का विद्यालय प्रांगण में गरिमामय आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मौजूद रही। उन्होंने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें संस्कारी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें आसपास के बच्चों की तरह बनाने की बजाय उसे वह बनने में सहयोग करें, जिसमें बच्चे की रुचि है। विद्यार्थियों ने भी अतिथियों की मौजूदगी में राजस्थानी और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत से सजे रीमिक्स पर दर्शकों के बीच नृत्यों की श्रृंखला सजाते हुए लोगों को झूमने के लिए मजबूर किया।

### पेश की भारतीय संस्कृति की सुन्दर झलक

वहीं विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी, डॉ. सुरेश शुक्ला की मौजूदगी में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। इस दौरान आरके गुप्ता, उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति उपस्थिति रही। इनके बीच मिडिल क्लास के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत पेश किया गया। प्राथमिक शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं समूह नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। इस दौरान प्राचार्य भारती यादव, मंजू साहू, आशा रानी बोस के साथ व्यवस्थापक विष्णु महोबिया ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।





### सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

इंग्लिश मीडियम की छात्राओं ने अनोखे अंदाज में छत्तीसगढ़ी और बालीवुड सांग्स पर ऐसा माहौल बनाया कि लोग उत्साह से झूम उठे। इस दौरान प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों के परिजनों ने उनकी वीडियो और तस्वीरें भी मोबाइल में कैद किया। किसी प्रकार से प्रोग्राम में दिक्कत न आए, इसके लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुति को खास बनाने के लिए 15 दिनों से करवाई गई तैयारी ने समारोह में सजाए गए मंच पर प्रस्तुति से सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# ऑर्थोपेडिक सोसायटी का 09 से 11 तक सिल्वर जुबली सम्मेलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रायपुर एवं बिलासपुर ऑर्थोपेडिक सोसायटी के तत्वावधान में सिल्वर जुबली सम्मेलन का तीन दिवसीय आयोजन 09,10 एवं 11 जनवरी को किया जाएगा। वीआईपी रोड के ओमाया गार्डन में आयोजन की तैयारी पदाधिकारियों द्वारा करवाई जा रही है। इस तीन दिवसीय ऐतिहासिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के साथ देश के कई राज्यों से ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ, वरिष्ठ सर्जन, प्रोफेसर एवं युवा चिकित्सक भी भाग लेंगे। ऑर्थोपेडिक सोसायटी के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल वर्मा एवं सिल्वर जुबली सम्मेलन के आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुशील शर्मा ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन ऑर्थोपेडिक चिकित्सा के क्षेत्र में अब तक के अनुभवों, उपलब्धियों और नई चुनौतियों पर केंद्रित रहेगा।



### नई सर्जिकल तकनीक पर होगा विशेषज्ञों का व्याख्यान

सम्मेलन में हड्डी एवं जोड़ रोग, ट्रॉमा के आधुनिक उपचार, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, स्पोर्ट्स इंजरी, रीढ़ संबंधी समस्याएं तथा नई सर्जिकल तकनीक पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, वैज्ञानिक सत्र, पैनल चर्चा एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। आर्गेनाइजिंग कमेटी मेंम्बर डॉ. केडी तिवारी, डॉ. सुनील खेमका, डॉ. सत्येन्द्र फुलझले, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. केटी काम्बले, डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. विपीन जैन, डॉ. अतीन कुन्दू, डॉ. केतन साह, डॉ. अभिषेक घाटगे, डॉ. सोभराज चादंनी की उपस्थिति में सत्रों का संचालन होगा। डॉ. अंशु शेखर, डॉ. हर्षर्षाल साक्ले, डॉ. अंकुश वर्मा सम्मेलन के दौरान युवा चिकित्सकों के लिए हंड्स-ऑन ट्रेनिंग, केस प्रेजेंटेशन की जानकारी देंगे। शोध पत्र प्रस्तुतीकरण का भी आयोजन किया जाएगा।

# फल, फूल और सब्जी प्रदर्शनी प्रतियोगिता में होगी संगोष्ठी

**रायपुर।** शहर के गांधी उद्यान में आगामी 09 से 11 जनवरी के बीच राज्य स्तरीय फल, फूल और सब्जी प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन होने वाला है। प्रकृति की ओर सोसायटी, उद्यानिकी विभाग, आईजीकेवी, एमजीयूवीवी, नाबार्ड के साथ नगर निगम रायपुर की पहल पर यह आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका और अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, विधायक पुरंदर मिश्रा, आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, एमजी यूवीवी के कुलपति प्रो. डॉ. आरआर सक्सेना, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि की मौजूदगी रहेगी।



### आथित्य में किया जाएगा प्रदर्शनी का समापन

इस अवसर को खास बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग के संचालक लोकेश कुमार, जिंदल स्टील के अध्यक्ष प्रदीप टंडन के आथित्य में प्रदर्शनी का आगाज होगा। वहीं, 11 जनवरी को समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव माथेश्वरण व्ही की उपस्थिति में संपन्न किया जाएगा।

## 20 फरवरी को 12वीं बोर्ड की परीक्षा, टीचर्स और विद्यार्थी टॉपिक्स रिवीजन में जुटे

# परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल, ग्राफिक्स और टॉपिक्स की शार्ट फार्म प्रश्नोत्तरी से करवा रहे तैयारी


कार्नर न्यूज

**रायपुर।** 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टडेट्स की थॉरिकल्स व प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। विद्यार्थियों में परीक्षा का प्रेशर कम करने साइंस विषयों की लर्निंग उन्हें कक्षा व प्रयोगशाला में स्पॉट प्रैक्टिकल वर्क, प्रोजेक्ट वर्क और टॉपिक्स से शार्ट प्रश्नोत्तरी तैयार करा पूरी कराया गया है। इससे साइंस सब्जेक्ट के विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि, टॉपिक्स को समझने और याद रखने की क्षमता में लाभदायक सिद्ध हुआ है। यह कहना है जेएन पांडे स्कूल की साइंस टीचर सरिता देवांगन की। वह बताती है कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर्स हूं, अपने सब्जेक्ट का रिडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। प्रायोगिक परीक्षा में वाइवा की भी तैयारी कराते हैं। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहॉल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें और याद रखें। इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों का प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हाफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही सही कसर को पूरा कर देता है।



### तैयारी जांचने होगी प्री-बोर्ड परीक्षाएं

जेएन पांडे स्कूल के साइंस टीचर प्रमोद पांडे ने बताया कि स्कूल में बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षाएं पूरी हो जाएंगी। इसके बाद प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। इससे बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की तैयारी का फाइन टेस्ट प्री-बोर्ड परीक्षा से पूरी हो जाएगी।



### एक्ट्रा क्लास में कर रहे टॉपिक्स की डाउट्स क्लीयर

टीचर सरिता देवांगन बताती है कि परीक्षा की तैयारी को लेकर हमारे स्कूल में 11 बजे से साइंस सब्जेक्ट की एक्ट्रा क्लासेस भी लगती हैं। यहां पर विद्यार्थियों को एग्जाम टिप्स व टॉपिक्स से संबंधित हर तरह की डाउट्स क्लीयर हो जाते हैं। इससे परीक्षा टाइम में विद्यार्थियों को काफी बेनिफिट देने वाला क्लास है।

## सिटी लाइव

# निःशुल्क सिद्धा चिकित्सा जागरूकता शिविर से 151 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ



**रायपुर।** एम्स के सिद्धा विभाग द्वारा आयुष भवन में 9वां सिद्धा दिवस मनाया गया। आयोजन में समग्र स्वास्थ्य सेवा में सिद्धा चिकित्सा की भूमिका एवं वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों में इसकी बढ़ती प्रासंगिकता को रेखांकित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सिद्धा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. वी. लक्ष्मणकुमार चिकित्सा अधिकारी सिद्धा एम्स रायपुर के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने सिद्धा चिकित्सा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, मूल सिद्धांतों एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एम्स रायपुर ने की। उन्होंने आयुष विभागों के बीच बेहतर समन्वय और एकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समन्वित और एकीकृत प्रयासों को आधुनिक चिकित्सा में भी सशक्त किया जाना चाहिए, ताकि समग्र रोगी देखभाल और शैक्षणिक उन्नति सुनिश्चित की जा सके। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. रेणु राजगुरु ने दर्द प्रबंधन में सिद्धा बाह्य चिकित्सा के अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किया। इस मौके पर प्रो. डॉ. अभिरुचि गलहोत्रा डीन अनुसंधान एम्स रायपुर, फार्माकोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुगझेंथन सहित आयुष एवं आधुनिक चिकित्सा संकायों के सदस्यों, छात्रों, स्वास्थ्यकर्मियों, रोगियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

### औषधीय पौधों का वितरण किया गया

कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकारी निदेशक एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया, जो निवारक, पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। निःशुल्क सिद्धा चिकित्सा जागरूकता शिविर से 151 रोगियों को लाभ मिला, जबकि हर्बल एक्सपो में 200 से अधिक आगंतुकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन डॉ. विक्रम पई, चिकित्सा अधिकारी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, एम्स रायपुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## धर्म लाइव

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का श्रवण कर भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु



**रायपुर।** पाम बेलाजियो रेजिडेंशियल सोसाइटी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। सोसायटी में इन दिनों श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस पावन कथा का वाचन एवं प्रवचन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित राजेश शर्मा द्वारा किया जा रहा है। सोसाइटी के सभी निवासी बड़ी संख्या में श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रतिदिन कथा श्रवण कर रहे हैं। कथावाचक के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा के प्रसंगों को श्रद्धालु भक्तिभाव से श्रवण कर रहे हैं। श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान, सुंदर भजन, आरती में रमे हुए प्रभु के ध्यान में मग्न हो रहे हैं। सोसायटी की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग हर वर्ग



कथा भक्ति रस में डुबकी लगा आनंदित हो रहे हैं। आयोजक पाम बेलाजियो रेजिडेंशियल सोसाइटी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रवण के लिए पहुंच रहे भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जा रहा है। इस तरह से पाम बेलाजियो रेजिडेंशियल सोसाइटी के पूरे परिसर में भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल व्याप्त है, जिससे वातावरण और अधिक मंगलमय बन रहा है।

## आराधना

# सेवा-दान और भजन परलोक में काम आने वाले पुण्य कमाएं



**रायपुर।** मानव जीवन बड़ा ही दुर्लभ है। यह बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है। मनुष्य जीवन में ही परमात्मा की प्राप्ति सुलभ हो सकती है। भागवत कथा का आनंद भी इस मनुष्य जीवन में ही जीव को प्राप्त होता है। अन्य योनियों में नहीं, क्योंकि मनुष्य भजन, दान, पूजन, जप, तप करने में सक्षम है। इस मृत्यु लोक में सुख साधनों का भोग करते हुए सेवा, दान और भजन द्वारा परलोक में काम आने वाला पुण्य भी अर्जित किया जा सकता है। यह बात बुधवार को हीरापुर में जारी श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य झम्मन शास्त्री ने श्रोताओं के बीच कही। महाराज ने आगे कहा कि जिन पुण्य के द्वारा परलोक से सुख भोगते हुए परमात्मा की प्राप्ति मनुष्य कर लेता है।

### भक्ति और दान पर श्रोताओं के बीच डाला प्रकाश

राम नाम नृसिंह भगवान है। कलयुग हिरण्यकश्यप के समान है। जप करने वाला मनुष्य प्रहलाद के समान है। कलयुग में दान का महत्व बताते हुए महाराज ने बलि की दानवीरता का वर्णन किया। प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान श्री वामन को अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। समग्र समर्पण करने वाले के यहां स्वयं भगवान ही उनके रक्षक बनकर रहते हैं। सुतल लोक में आज भी भगवान उनके द्वारपाल है। जहां स्वयं माता लक्ष्मी भी मनुष्य वंश में बलि को भाई के रूप में सूत्र बांधकर दक्षिणा के रूप में अपने पति भगवान श्री नारायण को मांगने गई थी।

● विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर शाखा के आयोजन में संत चिन्मयानंद बापू को सुनने उमड़ी भीड़

# भव्य डोम में एलईडी स्क्रीन, श्रोताओं के बीच संत बोले- अवधपुरी मैदान में श्रीमद् भागवत भी संयोग

श्रीनगर-गुढ़ियारी मार्ग पर बुधवार को दोपहर से ही भक्तिमय माहौल बनना शुरू हो गया था। भव्य डोम में सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था के बीच लोग सुविख्यात संत चिन्मयानंद बापू के श्रीमुख से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सुन सकें, यह अवसर विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर शाखा द्वारा दी गई है। इसके पहले दिन शाम 4 बजे भगवान श्री कृष्ण, भगवद् गीता एवं व्यासपीठ की यजमान परिवार एवं आयोजकों द्वारा आरती, मंगलाचरण, भजन से कथा का आगाज किया गया।

**रायपुर।** इस अवसर पर संतश्री ने छत्तीसगढ़ की पावनधरा को प्रणाम करते हुए व्यासपीठ से बोले- मैं आप सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं। माता कौशल्या की जन्म भूमि के निवासियों का व्यवहार भी उनके जैसा ही सरल है। अवधपुरी मैदान से श्री कृष्ण कथा हो रही है, यह भी अद्भुत संयोग है। कथा के लिए आते समय रास्ते में हनुमान जी का मंदिर है, उन्हें भी कथा के लिए आमंत्रित किया। क्योंकि, कथा चाहे किसी की हो, श्रोता के रूप में हनुमान सर्वश्रेष्ठ हैं।





### 10 हजार श्रोताओं के लिए भोग प्रसादी

जितेन्द्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में पहले दिन भंडारे में करीब 10 हजार श्रोताओं के लिए भोग प्रसादी तैयार की गई। अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चन्द्रचूड़ त्रिपाठी, विजय अग्रवाल, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी और नितिन कुमार झा कथा स्थल सहित तमाम व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। इनकी टीम पर अलग - अलग ग्रुप बनाकर श्रोताओं को सुविधा से जोड़ने का दायित्व है। कथा के दौरान सुरक्षा और पार्किंग की जिम्मेदारी युवाओं को दी गई है।



### कथा मनोरंजन नहीं, मनो-भंजन के लिए सुनें

*संतश्री ने श्रोताओं से कहा कि कथा मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि मनो-भंजन के लिए सुनें। कथा श्रवण करने से मन की मलीनता दूर होती है और मन में शुद्धता के भाव आते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 50 वर्ष पहले जब छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश का हिस्सा था, तब यहां के लोग अभाव में रहते हुए भी खुश थे। अब सम्पन्नता आ गई है, लेकिन खुशी नदारद है। खुशी झोपड़ी से महल में पहुंचने से नहीं, बल्कि प्रभु के शरण में पहुंचने से मिलती है। जीवन में परेशानी, कठिनाई आती है और आएगी। इस बीच हमें भगवान श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन जीना है। उनका जीवन संघर्षपूर्ण था फिर भी हर पीड़ा, दुःख में मुस्कुराते थे।*

### जो राम के साथ हैं, हम उनके उन्हीं के साथ

कबीरा जब हम पैदा भये, जग हंसे, हम रोये... अर्थात जब हम जग से विदा लें, तो हमें अपने कर्मों का पछतावा ना हो और हम हंसते-हंसते जग से विदा लें। हमारे विछोह से जग रो पड़े। संसार में जीने का यह आदर्श स्वरूप व्यक्ति को जीवन में तय करने का प्रयास जरूर करना चाहिए। श्रीमद् भगवद् के महात्म का परिचय देते हुए बताया कि बिना प्रतीति के प्रेम नहीं होता है। हम मंदिर क्यों जाते हैं? आनंद की प्राप्ति के लिए भगवान के धाम जाते हैं। कल एक पत्रकार ने पूछा- संत-महात्मा किस राजनीतिक दल को सपोर्ट करते हैं। तब हमने कह दिया जो राम के साथ हैं, हम उनके साथ हैं। संतश्री ने आगे कहा कि जब हम श्री कहते हैं तो स्वतः ही हम राधा जी को स्मरण करते हैं।

### कथा से जोड़ने का प्रयास होता है फलदायी

उन्होंने आगे बताया कि श्रीजी का मंदिर अर्थात राधा जी का मंदिर होता है। भगवान का स्मरण सतत करना चाहिए। यह नहीं कि सावन आया तभी भोलेनाथ का स्मरण करें, नवरात्रि में दुर्गा माता का स्मरण करें, हमें निरंतरता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में वह शक्ति है, जो पापी को भी मोक्ष प्रदान करती है। अगर परिजन अपने पूर्वजों की स्मृति में भागवत गीता का पाठ करवाते हैं तो निश्चित ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस कथा श्रवण से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का प्रयास भी फलदायी होता है।

# वुमन्स में बढ़ा लाइट वेट और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी का ट्रेंड

**रायपुर।** वुमन्स में सिल्क, मिनिमल और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी काफी ट्रेंड कर रहा है। आजकल की वुमन्स को हैवी नहीं, बल्कि लाइट वेट ज्वेलरी से सजना-संवरा भा रहा है। यही वजह है कि शहर की ज्वेलरी शॉप में लाइट वेट सिल्वर ज्वेलरी में खासतौर पर एंकलेट, पायल में ऐसे डिजाइन तैयार किए जा रहे हैं, जो ऑफिस, कॉलेज और डेली वियर तीनों में परफेक्ट बैठे। इसी ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए स्लीक सिल्वर एंकलेट डिजाइंस वर्किंग लेडीज से लेकर यंग गर्ल्स तक की पहली पसंद बन रही है। ये कम बजट में आपको बेस्ट डिजाइंस ऑप्शन देते हैं। सदर बाजार में नए साल में वुमन्स टूर और पिकनिक के लिए बेस्ट सिल्क, मिनिमल और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी की तलाश में पहुंच रही हैं। ज्वेलरी कारोबारियों ने बताया कि आजकल चाहे सिल्वर हो या फिर गोल्ड, महिलाएं और गर्ल्स लाइट वेट ज्वेलरी व डिजाइन ही कैरी कर रही हैं। वहीं, डिमांड की बात करें तो कम बजट के हिसाब से लाइट वेट ज्वेलरी ही अधिक बिक रही है। ऐसे में वुमन्स के लिए सिल्वर और गोल्ड में लाइट वैट ज्वेलरी की डिमांडिंग ज्वेलरी पैटर्न को डिजाइन किया जा रहा है।





### इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ परफेक्ट लुक

इस एंकलेट में सिल्वर वायर को हल्के ट्विस्ट या रोप पैटर्न में डिजाइन किया जाता है। बिना चार्म या बीड्स के भी ये बहुत ही प्रीमियम लुक देती है। बहुत ही स्लीक, लेकिन स्टाइलिश चाहिए तो ऐसे ऑप्शन चुनने चाहिए। इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ बहुत ही आसानी के साथ मैच हो जाते हैं। इससे वुमन्स की सुंदरता में चार चांद लग जाता है।



### ये कम बजट में बेस्ट डिजाइंस ऑप्शन

कम बजट में बेस्ट सिल्वर ज्वेलरी डिजाइंस ऑप्शन में टॉप्स एक बेहतर ऑप्शन है। आजकल सिंपल सिल्वर के अलावा आर्टिफिशियल डायमंड वर्क ईयररिंग्स भी काफी ट्रेंड में है। यह फूल और कई दूसरे यूनिक डिजाइन के साथ ही कम बजट में आसानी से उपलब्ध है। चांदी में लाइट वेट में सिंपल कंगन स्टाइल और कई डिजाइन में पसंद किए जा रहे हैं। वहीं, आर्टिफिशियल डायमंड स्टाइल के ब्रेसलेट काफी ट्रेंड में हैं।

# गर्भगृह में स्थापना से पहले 15 को कुलदेवी प्रतिमा आगमन

**रायपुर।** बिरगांव के बुधवारी बाजार में देवांगन समाज के विभिन्न प्रकोष्ठ और मंदिर विकास समिति की पहल पर जहां प्रदेश का सबसे बड़ा और भव्य कुलदेवी मां परमेश्वरी मंदिर बनकर तैयार है। वहीं, जयपुर के कारीगरों द्वारा निर्मित आराध्य देवी की दिव्य प्रतिमा का मंदिर में स्थापना से पहले 15 जनवरी को नगर प्रवेश होगा। मंदिर विकास समिति से जुड़े देवेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि वैसे तो तीन दिवसीय महोत्सव का आगाज 21 जनवरी को होगा, लेकिन इसके पहले माता की दिव्य प्रतिमा का नगर में आगमन होने पर 15 जनवरी की शाम पांच बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। माता की अगुवाई में ब्यास तालाब से मंदिर तक उत्सव का माहौल रहेगा। इसके लिए समाज के लोगों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।



### माता के स्वागत में सजाएंगे रोड लाइट

उन्होंने आगे बताया कि माता के स्वागत में एक तरफ जहां धुमाल और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर युवाओं का उत्साह देखने को मिलेगा, वहीं रोड लाइट के साथ भक्त परिवार माता के आगमन पर स्वागत करेंगे। इस दौरान व्यवस्था की कमान मंदिर विकास समिति से जुड़े पदाधिकारी और समाज के विभिन्न संगठन से जुड़े लोग संभालेंगे। साथ ही माता के नगर आगमन पर निकलने वाली शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए तय किए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ट्रैफिक बाधित न होने पाए, इसके लिए युवा काम करेंगे।

### तीन दिनों तक मां परमेश्वरी महोत्सव

इसके बाद तीन दिवसीय मां परमेश्वरी महोत्सव की श्रृंखला 21 जनवरी से शुरू होगी, इस कड़ी में वेदी पूजा से आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, 22 को माता की प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित करने से पहले भक्तिभाव से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दिनभर होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद 23 जनवरी को समाज के लोग कुलदेवी मंदिर में मां परमेश्वरी पूजा महोत्सव की परंपरा निभाएंगे। इसके लिए समाज ने हर दिन के लिए शेड्यूल तय किया है।

पारंपरिक एवं धार्मिक महत्ता से जुड़े पर्व मकर संक्रांति के लिए तीन दिन पहले महिलाएं तैयार करेंगी व्यंजन

# मकर संक्रांति पर व्यंजनों की खुशबू से महकेगी रसोई बनेंगे तिल-मुर्रा और आटे के लड्डू, दही चूड़ा पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही नई फसल के आगमन एवं शीत ऋतु में गर्माहट और समृद्धि के स्वरूप में मकर संक्रांति पर्व उत्सव की तरह मनाया जाता है। इसके लिए तीन दिन पहले से महिलाएं किचन में व्यंजन पकाना शुरू कर देती हैं। छत्तीसगढ़ में कई प्रांतों के लोगों का निवास होता है, ऐसे में अलग-अलग क्षेत्र से जुड़ी परंपराओं का संगम भी देखने को मिलने वाला है। मकर संक्रांति पर खिचड़ी, तिल-गुड़ के लड्डू, दही-चूड़ा, गजक, रेवड़ी और पोंगल जैसे व्यंजन बनाने की तैयारी महिलाओं ने शुरू की हैं। उनका मत है कि इस पर्व में तिल के व्यंजनों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाता है। इसके चलते व्यंजन बनाने से पहले भी उनकी सफाई और तैयार करने के लिए जरूरी सामग्री जुटानी होती है।







### सभी सामग्री जुटाना आसान नहीं होता

आन्ध्रा की परंपरा से जुड़ी पार्वती राव ने बताया कि मकर संक्रांति के लिए व्यंजन भी खास होते हैं। अनरशा, मुर्कू, तिल और आटे का लड्डू ही नहीं, पोंगल को भी पर्व पर बनाया जाता है। इस दिन दान देते समय तिल को अनिवार्य रूप से शामिल करते हैं। व्यंजनों को पकाने से पहले तिल, देशी गुड़ सहित कई ऐसी सामग्री होती है, जिसे जुटाना होता है। जिस दिन किचन में व्यंजन तैयार किया जाता है, उसी दिन सभी सामग्री जुटाना आसान नहीं होता है। इसलिए पहले से ही तैयारी की जाती है।

### मुर्रा, तिल और करी लड्डू व्यंजनों में खास

डीडी नगर में रहने वाली रिचा वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी मकर संक्रांति की परंपरा निभाई जाती है। इस अवसर को खास बनाने के लिए मुर्रा, तिल और करी लड्डू बनाते हैं। हम लोग गणेश चतुर्थी से ही इसके लिए तैयारी करते हैं। इस बार भी किचन में व्यंजनों की सुगंध फैलेगी। इसके लिए महिलाएं पहले से ही तैयारी करती हैं। बाजार से तिल और जरूरी चीजें लाने के बाद उसे व्यंजन के अनुरूप तैयार किया जाता है। एक ही दिन में सभी सामान जुटाना और व्यंजन बनाना आसान नहीं है।

### सुबह दही-चूड़ा और रात में खिचड़ी जरूरी

वाराणसी निवासी सीमा सिंह ने बताया कि आंचलिक व्यंजनों को पर्व में खास तवज्जो दिया जाता है। संक्रांति के दिन दही-चूड़ा के साथ ही आटे का लड्डू भी बनाते हैं। इसके साथ ही सफेद और काले तिल के लड्डू को प्राथमिकता में रखा जाता है। पर्व के अवसर पर सुबह दही और चूड़ा पहली पसंद होती है। इसके अलावा रात में खिचड़ी को प्राथमिकता दी जाती है। आने वाले अतिथियों का स्वागत पारंपरिक व्यंजनों से करते हैं। दान देते समय तिल को अनिवार्य रूप से शामिल करते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर टेनिस बॉल क्रिकेट के लिए चुने गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**भिलाई।** नागपुर में 36वीं सीनियर पुरुष एवं महिला टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से 22 जनवरी तक किया जा रहा है। भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट महासंघ के निर्देशानुसार महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट की महिला एवं पुरुष टीम भी भाग लेगी। इस हेतु एक चयन स्पर्धा का 6 जनवरी को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में रखी गई। जिसमें 18 महिला एवं 26 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनकर्ता जयप्रकाश आर्य, राधेश्याम, संतोष प्रसाद, एचवी कृष्णा राव, लक्ष्मी एवं कुदरत दास थे। इस अवसर पर बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव एवं एनजेसीएस के सदस्य वंश बहादुर सिंह एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान उपस्थित थे। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हरियाणा, लीजैंड और भिलाई ब्वॉयज की क्रिकेट में जीत



**भिलाई।** आयरन स्पोर्टिंग क्लब बीएसपी की ओर से टी-20 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में 6 जनवरी से 9 जनवरी तक जारी है। इस प्रतियोगिता में भिलाई बॉयज, लीजेंड 11 , आयरन पैंथर्स एवं हरियाणा-11 सहित चार टीमें भाग ले रही है।

यहां खेले गए मैच में टीम भिलाई बॉयज विरुद्ध हरियाणा-11 में हरियाणा 11 ने 42 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अनिल सिंह रहे। बल्लेबाजी में हरियाणा-11 ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन बनाए। बल्लेबाजी में भिलाई बॉयज 9 विकेट पर 119 रन बनाए। दूसरा मैच आयरन पैंथर्स विरुद्ध लीजेंड-11 रहा। जिसमें लीजेंड-11 ने दो विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच गंभीर सिंह रहे। बल्लेबाजी में आयरन पैंथर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 130 रन बनाए। बल्लेबाजी में लीजेंड-11 ने 8 विकेट पर 131 रन बनाए। तीसरा मैच लीजेंड-11 विरुद्ध हरियाणा-11 रहा। जिसमें हरियाणा-11 ने 4 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच विमल रहे। बल्लेबाजी में लीजेंड-11 ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। बल्लेबाजी में हरियाणा-11ने 6 विकेट पर 133 रन बनाए। चौथे मैच में आयरन पैंथर्स विरुद्ध भिलाई बॉयज में भिलाई बॉयज ने 9 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच राजेश बघेल रहे। बल्लेबाजी में आयरन पैंथर्स 55 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई बॉयज ने एक विकेट पर 58 रन बनाए। प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 जनवरी को उपमहा प्रबंधक कीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग भूतपूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद ने किया। आयोजन में राजा बनर्जी को उनके क्रिकेट में खिलाड़ी एवं कोच के रूप में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अनिल सिंह, के राजगोपालन, प्रशांत शुक्ला, विवेक सिंह, गंभीर जाट, अर्जुन त्यागी, अरविंद सिंह, अभिषेक, आकाश गुप्ता, कुलदीप मीणा एवं शशांक उपस्थित थे।

### अंडर-19 तीसरे दौर के मुकाबले शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध रायपुर में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी 4 विकेट पर 432 रन बनाए। जिसमें तेजस्वी कलभोर ने 216 रन और मोहम्मद शाहिर कुरैशी ने 147 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध कांकेर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू पहली पारी 320 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने पहली-पारी तीन विकेट पर 81 रन बनाए। धमतरी में टीम बिलासपुर विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर पहली पारी 175 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहले 35 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी 5 विकेट पर 133 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध दुर्ग के बीच मैच में बल्लेबाजी करते हुए कंबाइंड टीम पहली पारी में 191 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम ने पहली पारी एक विकेट पर 44 रन बनाए।

#### मौसम का असर हर शरीर पर होता है अलग-अलग, रखें ध्यान

# ठंड बढ़ने पर करें अपना बचाव, गिरते तापमान का सेहत पर हो सकता हैं 'जानलेवा दुष्प्रभाव'

उत्तर भारत के ज्यादातर राज्य इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहर झेल रहे हैं। दिन का कम तापमान लोगों के लिए ठंड के इस मौसम को काफी कठिन बना सकता है। अत्यधिक ठंडा मौसम न केवल असुविधाजनक होता है बल्कि स्ट्रोक से लेकर दिल के दौरे जैसी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस मौसम में सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

डॉक्टर कहते हैं, सिर्फ बच्चे-बुजुर्गों के लिए ही नहीं, युवाओं की सेहत पर भी अत्यधिक ठंड-शीतलहर का दुष्प्रभाव हो सकता है। शरीर के विभिन्न हिस्सों में रक्त की आपूर्ति करने वाली हमारी वाहिकाएं ठंड की प्रतिक्रिया में सिकुड़ जाती हैं जिससे रक्तचाप बढ़ सकता है। लंबे समय तक ठंडे तापमान के संपर्क में रहने से हाइपोथर्मिया हो सकता है, जो मस्तिष्क के कार्य को बाधित करने के साथ तंत्रिका संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है।

शीतलहर का सीजन अस्थमा, सीओपीडी और फेफड़ों के विकारों से पीड़ित लोगों में श्वसन संबंधी लक्षणों को भी बढ़ा सकती है। आइए ठंड के कारण सेहत को होने वाली समस्याओं



और इनसे बचाव के उपायों के बारे में जानते हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?


हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निरंजन सिंह बताते हैं, अत्यधिक ठंड, हृदय और तंत्रिका संबंधी स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे दिल के दौरे से लेकर ब्रेन स्ट्रोक तक का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि बहुत अधिक ठंड के जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। ठंडे मौमस से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप इन दिनों विशेष बचाव करें, गर्म कपड़े पहने, शरीर की गर्म रखें। ये सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी है।

### जानलेवा हृदय की समस्याएं

बढ़ती ठंड-शीतलहर का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव हृदय स्वास्थ्य पर देखा जाता है, ठंड के दिनों में हार्ट अटैक के मामले भी बढ़ने लगते हैं। असल में ठंड के कारण वाहिकासंकुचन शुरू हो जाता है, जिससे रक्तचाप और हृदय गति बढ़ जाती है। इससे हृदय प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जो दिल का दौरा पड़ने के खतरे को बढ़ा सकती है। इसके अलावा, ठंड के कारण रक्त भी गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है, जो दिल के दौरे और स्ट्रोक दोनों का कारक हो सकती है।

### ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

हार्ट अटैक के अलावा ठंड के मौसम में हाइपोथर्मिया भी बड़ा खतरा रहा है, इसमें शरीर के लिए आंतरिक तापमान को स्थिर बनाए रखने में समस्या हो सकती है। यह न्यूरोलॉजिकल कार्यों को बाधित करने वाली स्थिति है जिसके कारण स्ट्रोक होने की आशंका बढ़ सकती है। सर्दियों में बढ़े हुए ब्लड प्रेशर के कारण भी स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ ठंड के समय में सभी लोगों को शरीर, विशेषतौर पर सिर को ढककर रखने की सलाह देते हैं।



### बढ़ सकती हैं श्वसन संबंधी समस्याएं

शीतलहर-ठंडी हवा आपके वायुमार्ग के लिए समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है, जिससे अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी पहले से मौजूद स्थितियों वाले व्यक्तियों के लिए खतरा पैदा हो जाता है। ठंड के मौसम में श्वसन संबंधी समस्याएं अधिक देखी जाती रही हैं। श्वसन तंत्र पर दबाव से हृदय से संबंधित विकारों का जोखिम भी बढ़ जाता है। अस्थमा रोगियों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।



## नन्हे मेहमान के लिए करें वास्तु के अनुसार बंदोबस्त

जब घर में नन्हे मेहमान के आने की खबर मिलती है तो खुशियों का माहौल छा जाता है। इस खबर के बाद से ही परिवार के सदस्य उस नन्हे मेहमान के आने का बेसब्री से इंतजार किया जाता है। इतना ही नहीं, उसके लिए कई तरह की तैयारियां भी की जाती है। मसलन, उसके आने से पहले ही उसके आराम का पूरा ख्याल रखा जाता है। अधिकतर घरों में लोग उसके लिए अलग से एक कमरा भी तैयार करवाते हैं।

ऐसा करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन जरूरी यह है कि जब आप उस नन्हे मेहमान के लिए कमरा तैयार करवाएं तो सिर्फ अपनी पसंद-नापसंद ही नहीं, बल्कि वास्तु के कुछ नियमों का भी खास ख्याल रखें। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे वास्तु टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको नन्हे मेहमान का कमरा तैयार करते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### रंगों का रखें ध्यान

जब भी आप नन्हे मेहमान का कमरा तैयार करें तो



आपको रंगों पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कभी भी नवजात शिशु के कमरे में हार्ड कलर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हमेशा वहां पर लाइट व सॉफ्ट कलर करने की कोशिश करें। मसलन, इस कमरे के लिए लाइट पिंक, लाइट ब्लू या लाइट ग्रीन कलर सबसे अच्छे माने जाते हैं। कभी भी यहां पर ब्राउन या ब्लैक कलर शेड का इस्तेमाल ना करें।

### उत्तर-पूर्व हो खाली

कोशिश करें कि नए मेहमान के कमरे का उत्तर-पूर्व कोना खाली ही हो। कभी भी यहां पर कोई भारी सामान (कुबेर भगवान की प्रतिमा रखने का तरीका) ना रखें। कई बार ऐसा होता है कि शिशु के आने की खुशी में लोग पूरा कमरा टॉयज से भर देते हैं। लेकिन उत्तर-पूर्व के कोने में किसी तरह का टॉयज रखने से भी बचें।

### बेबी का सामान

बेबी के कमरे में उसका काफी सारा जरूरत का सामान होता है। कई बार हम इस ओर ध्यान नहीं देते हैं और पूरा सामान घर में बिखर जाता है। ऐसी गलती ना करें। हमेशा बेबी के कपड़े व उसकी जरूरत की अन्य चीजों को बेहद ही करीने से रखें। कोशिश करें कि आप उन्हें ऐसी जगह पर रखें, जिससे नवजात की नजर उस पर पड़े। इसे काफी अच्छा माना जाता है।

नन्हा मेहमान अक्सर सॉफ्ट टॉयज को देखकर खुश होता है या फिर वह उससे खेलना काफी पसंद करता है। ऐसे में (एक्योरियम रखने का तरीका) आप उसके इस तरह के टॉयज को अलमारी में रखें। ध्यान दें कि बच्चे के खेलने वाले टॉयज पर बिल्कुल भी धूल-मिट्टी जमा नहीं होनी चाहिए। इससे नेगेटिविटी पैदा होने लगती है।

### पूर्व दिशा की दीवार

नन्हे मेहमान के कमरे को सजाते समय कोशिश करें कि आप उसके कमरे की पूर्व दिशा की दीवार पर लड्डूगोपाल की तस्वीर जरूर लगाएं। इस दिशा में लड्डूगोपाल की तस्वीर लगाना काफी अच्छा माना जाता है।

## माइक्रोवेव प्लेट पर खाने के जिद्दी निशान गायब होंगे ऐसे



ज्यादातर घरों में महिलाएं खाना पहले बनाकर रख देती हैं और अपना काम जल्दी खत्म करके फिर रेस्ट करती हैं और जब खाना चाहिए तो उस वक्त वे माइक्रवेव से खाना गर्म करके उसे खा लेते हैं, लेकिन माइक्रोवेव की प्लेट पर इसके चलते जिद्दी निशान लग जाते हैं और वे नहीं हटते। जब हम सफाई करते हैं तो हम अंदर से माइक्रोवेव को तो साफ कर देते हैं, लेकिन प्लेट को साफ करना भूल जाते हैं। ऐसे में बता दें कि माइक्रोवेव पर लगे जिद्दी निशान को हटाने में यहां दिया गया घोल आपके बेहद काम आ सकता है। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि माइक्रोवेव प्लेट को साफ करने में कौन-से तरीके आपके बेहद काम आ सकते हैं।

### माइक्रोवेव की प्लेट को कैसे साफ करें?

सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें एक चम्मच सफेद सिरका या नींबू का रस मिलाएं। सिरका और नींबू चिकनाई को काटने में मास्टर होते हैं। अब आप सफाई के लिए हमेशा मुलायम सूती कपड़े का इस्तेमाल करें। ध्यान रहे कि खुरदरे कपड़े या जूने का इस्तेमाल न करें, वरना कांच पर बारीक खरोंचें पड़ सकती हैं। अब आप सूती कपड़े को पानी में डुबाएं, फिर उस कपड़े को प्लेट पर बिछा दें।

## बोरिंग रोटी को कहें अलविदा, रंग-बिरंगी प्यूरी से बनाएं रेनबो पराठा



अगर आप भी हर समय इस बात से परेशान रहती हैं तो अब आप अपने बोरिंग खाने को अलविदा कह दें। ताजी सब्जियों की प्यूरी का इस्तेमाल कर आप शानदार रंगीन पराठा बना सकती हैं।

रेनबो पराठा बनाने के लिए आपके पास तीन रंगों का होना बेहद जरूरी है- लाल रंग, हरा रंग और पीला या नारंगी रंग। लाल रंग चुकंदर से मिलेगा, हरा रंग पालक से मिलेगा और पीला या नारंगी रंग आपको गाजर या कद्दू की प्यूरी से मिल जाएगा। ऐसे में अब आप सबसे पहले चुकंदर को उबालकर उसकी प्यूरी बना लें। फिर आप पालक को ब्लांच करके पीस लें और उबली हुई गाजर या कद्दू की प्यूरी तैयार कर लें।

अब सबसे पहले आप गेहूं के आटे को तीन हिस्सों में बांट लें। एक हिस्से में चुकंदर की प्यूरी, दूसरे में पालक की और तीसरे को गाजर की प्यूरी मिलाकर हल्के हल्के हाथों से गूंथें। आटे में थोड़ा नमक, अजवाइन और एक चम्मच घी जरूर डालें ताकि पराठे नर्म व स्वादिष्ट बन जाएं। हम तीनों रंगों के आटे की छोटे-छोटे लोई बनाएं।

## वेट लॉस जर्नी में दूर रहें इन फूड से, कम होने की जगह अचानक बढ़ सकता है आपका वजन

कैलोरी डेफिसिट यानी कि शरीर की जरूरत से कम खाना। लेकिन वजन कम करने के लिए लोग जरूरत से कम खाने के चक्कर में खाना-पीना ही छोड़ देते हैं, जिससे उनका वेट लॉस की जगह मसल्स लॉस हो जाता है, जिससे कई शारीरिक प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

कुछ लोग वजन कम करने के लिए नेचुरल वेट लॉस टिप्स फॉलो करते हैं और वहीं कम वजन वाले लोग सोने से 2 घंटे पहले भी कुछ फूड का सेवन करते हैं जिससे उन्हें वजन बढ़ाने में मदद मिलती है। लेकिन इन सबके बावजूद कुछ ऐसे फूड का सेवन कर लेते हैं, जिससे वजन कम नहीं होता। अब आप सोच रहे होंगे कि कैलोरी कम खाने पर तो वजन कम होना चाहिए, तो फिर क्यों ?


इस बात को क्लियर कहना चाहूंगा, कि वजन कम करने के लिए कैलोरी



डेफिसिट में रहने के साथ ये भी ध्यान रखना जरूरी है, कि कैलोरी का इंटेक किस फूड से हो रहा है। कैलोरी ग्रीन सब्जियां, कॉम्प्लेक्स कार्ब, फ्रूट, जूस, नट्स आदि से आनी चाहिए, न कि पिज्जा, बर्गर , मिठाई, चॉकलेट आदि से।

### वेट लॉस जर्नी में न करें इन फूड का सेवन

इसलिए मैं कुछ ऐसे फूड के बारे में बता रहा हूं, जो वजन कम करने की अपेक्षा बढ़ा देते हैं, इसलिए वेट लॉस के दौरान उनका सेवन नहीं करना चाहिए। लंबे समय तक संरक्षित रखने वाले हर फूड को सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता, क्योंकि उनमें कुछ ऐसे तत्व मिलाए जाते हैं, जिससे उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। शेल्फ लाइफ बढ़ाने वाले ये केमिकल शरीर पर बुरा प्रभाव डालते हैं और फूड को भी अनहेल्दी बना देते हैं। ऐसे में हेल्दी मीट अनहेल्दी हो जाता है, जो कि वजन बढ़ाने का भी काम कर सकता है। 2016 में अमेरिकन जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पब्लिश हुए रिव्यू के मुताबिक, प्रोसेस्ड मीट के सेवन से पिछले 4 सालों में अधिक वजन बढ़ा है।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मैं पिंजरे में कैद थी', मॉडल मनोहरा ओडेलिया का वर्षों बाद छलका दर्द



इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी' से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी।

साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं, मनोहरा खुद को एक ऐसे हालात में पाती हैं, जहां उनके पास फैसले लेने की आजादी ही नहीं थी। अब 33 वर्ष की हो चुकीं मनोहरा का कहना है कि उस दौर को 'रिश्ता' या 'विवाह' कहना सच्चाई को तोड़-मरोड़ना है। मनोहरा के मुताबिक, शाही महल के भीतर उनका जीवन किसी सुनहरे पिंजरे जैसा था। बाहर की दुनिया से बात करने की इजाजत नहीं थी, परिवार से दूरी बनाने के लिए कहा गया था और हर कदम पर नियंत्रण। उन्होंने बताया कि उन्हें स्वतंत्र रूप से बाहर जाने की इजाजत नहीं थी और लंबे समय तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनके शब्दों में, यह एक ऐसा दौर था जहां डर और मजबूरी रोजमर्रा की जिंदगी बन चुके थे। साल 2009 में उन्होंने साहसिक कदम उठाया। एक विदेशी यात्रा के दौरान, सिंगापुर के एक होटल से वह अपनी मां, स्थानीय पुलिस और अमेरिकी दूतावास की मदद से निकलने में सफल रहीं। यह पल उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

### टॉलीवुड

## थिएटर ने 'जन नायकन' की बजाय शिवकार्तिकेयन की फिल्म को दी तरजीह



थलापति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' का बॉक्स ऑफिस टकराव शिवकार्तिकेयन की साउथ फिल्म 'पराशक्ति' से होगा। तमिलनाडु के कुंभकोणम में एक थिएटर ने 'जन नायकन' के बजाय शिवकार्तिकेयन की मूवी को दिखाने का फैसला लिया है, जिस पर विजय के फैंस का गुस्सा फूट पड़ा है। अभिनेता विजय इन दिनों अपनी आखिरी फिल्म 'जना नायकन' को लेकर सुर्खियों में हैं। अभी यह सेंसर बोर्ड से पास नहीं हुई है। सेंसर से इसे हरी झंडी मिल जाती है तो फिल्म 9 जनवरी को रिलीज हो सकती है। इसी दिन शिवकार्तिकेयन की साउथ फिल्म 'पराशक्ति' भी दस्तक दे रही है। दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस टकराव के बीच विजय के फैंस ने एक थिएटर को निशाना बनाया है। वजह यह है कि इस सिनेमाघर ने 'जन नायकन' के बजाय 'पराशक्ति' को दिखाने का फैसला किया है।

तमिलनाडु के कुंभकोणम में स्थित एक थिएटर में पोंगल फेस्टिवल पर विजय की फिल्म 'जना नायकन' के बजाय शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'पराशक्ति' को दिखाने का फैसला लिया गया है। इसके बाद एक्टर विजय के फैंस से थिएटर को अपमानजनक और परेशान करने वाले मैसेज मिल रहे हैं। थिएटर की तरफ से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर यह बात कही गई है। वसु सिनेमाज ने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें मैनेजमेंट ने बताया है कि उन्होंने विजय की फिल्म के बजाय 'पराशक्ति' की स्क्रीनिंग का फैसला क्यों लिया है? थिएटर प्रबंधन ने पोस्ट में लिखा है, 'हमने 'जन नायकन' की बजाय 'पराशक्ति' को क्यों चुना, इसके कई कारण हो सकते हैं। पिछले 15 वर्षों में हमने अपने थिएटर में विजय सर की ज्यादातर फिल्में दिखाई हैं।

### भोजपुरी

## अंग्रेजी बहुरिया ने छीना गांव वालों का चैन, सास की नाक में किया दम



यामिनी सिंह की फिल्म 'अंग्रेजी बहू' यूट्यूब पर रिलीज हो गई है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। कुछ लोगों को ये भी लगा कि यामिनी सिंह ओवर एक्टिंग कर रही हैं। फिल्म को यूट्यूब पर 10 घंटे में 8 लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। हिंदी फिल्मों के साथ-साथ भोजपुरी का भी अलग ही स्वैग है। हर हफ्ते कोई न कोई नई फिल्म रिलीज होती है और रिलीज होते ही वायरल भी हो जाती है। कई फिल्में थिएटर में रिलीज होती हैं, तो कुछ फिल्में ऑनलाइन देखने के लिए उपलब्ध होती हैं। यामिनी सिंह की फिल्म भी आ गई है और इसकी पहली झलक के बाद से ही चर्चा काफी बढ़ गई थी। अब फिल्म आने के बाद लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस यामिनी सिंह की सुपरहिट फिल्म 'अंग्रेजी बहू' यूट्यूब पर रिलीज हो गई है और इसे फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। लोगों को फिल्म का थीम काफी पसंद आ रहा है। कमेंट सेक्शन तारीफों से भर गया है। एक फैन ने लिखा- सालों बाद अच्छी फिल्म आई है। एक ने कहा- बिना सर्च किया यह मूवी कितने लोगों को मिला और कितने लोगों को अच्छा लगा। वहीं एक ने कहा- इस फिल्म में कहानी से ज्यादा तो ओवर एक्टिंग है। कुछ लोगों को ये भी लगा कि यामिनी सिंह ओवर एक्टिंग कर रही हैं। फिल्म को यूट्यूब पर 10 घंटे में 8 लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो इसमें शुरू होते ही दिखाया गया है कि लीड हीरो ने लव मैरेज कर ली है और शहर की लड़की गांव में लेकर आया है, जो कुछ ज्यादा ही मॉडर्न है।




चिनोज की धूम

चीनोज की उत्पत्ति चीनी कपड़े से हुई और जो अमेरिकी सेना द्वारा अपनाए गए थे, और अब फैशन में एक लोकप्रिय परिधान बन चुके हैं। आज के दौर में आप चिनोज़ के साथ एक्सपेरिमेंट करना शुरू कर सकते हैं। सिंपल ग्रे चिनोज़ युवा पसंद करते हैं। ब्लू जींस के साथ ब्लैक टी-शर्ट हर डार्क आउटफिट में पहनी जाती है। अब ज़रा उस टी-शर्ट के साथ ग्रे चिनोज़ की कल्पना करें, जो पूरे आउटफिट को हल्का कर सकती है। आप उस आउटफिट में क्लबिंग के लिए जा सकते हैं या डेट पर जा सकते हैं।

## पार्टी में ब्लैक की ख्वाहिश हो तो अपनाइए यह कलेक्शन

अगर आपको कहीं पार्टी में जाना है तो इसके लिए आप प्लाजो पैंट विद जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। माधुरी दीक्षित ने कुछ इसी तरीके का ट्राई किया है। इसमें फ्लोरल प्रिंट किया जता है, साथ ही इस कपड़े को शिमर चूज किया गया है ताकि जब कोई भी इसे पार्टी के लिए वियर करे तो वो सुंदर नजर आए। उनके इस लुक को तरंग अग्रवाल द्वारा तैयार किया गया है। आप भी इसी तरीके के आउटफिट्स को ट्राई कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर आपको ये 2000 से 2500 में मिलेगी। नाइट पार्टी के लिए सोनाक्षी सिन्हा का ये लुक काफी अच्छा है। इसमें उन्होंने बॉडीकॉन शॉट ड्रेस को स्टाइल (इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स) किया है। जिसमें मिरर वर्क जैसा पैटर्न डिजाइन किया गया है। इस ड्रेस में काफी स्टाइलिश और सुंदर नजर आ रही हैं। इसे आप ट्राई कर सकती हैं। उनके इस लुक को Tarang Agarwal द्वारा तैयार किया है। लेकिन आप मार्केट से जाकर इस तरह की ड्रेस की शॉपिंग कर सकती हैं। जिसे आप 1000 से 2000 में अच्छे डिजाइन के साथ खरीद सकती हैं।



### ब्लैक मैक्सी ड्रेस

कहीं घूमने जाने का प्लान है तो आप इस ब्लैक मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। ये बेस्ट और सबसे अच्छा (इयररिंग्स डिजाइंस) ऑप्शन है। इसमें आपको पूरे में छोटे-छोटे प्रिंट मिलेंगे। साथ में ऊपर नेक पर अच्छा काम मिलेगा। इसे आप स्टाइल कर सकती हैं ये काफी सुंदर लगती है और कम्फर्टेबल भी होती है आप इसके साथ चाहे तो स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएग इस बार ब्लैक ड्रेस के इन ऑप्शन को ट्राई करें आप काफी सुंदर और सबसे अलग नजर आएंगी। क्लासिक लिटिल ब्लैक ड्रेस हर पार्टी के लिए एक सुरक्षित और स्टाइलिश विकल्प है। इसे आप सिंपल हील्स और क्लासिक क्लच के साथ पहनें। एक वाइड-लेग ब्लैक जंपसूट बहुत एलिगेंट और मॉडर्न लगता है। मेटालिक एक्सेसरीज (जैसे गोल्डन या सिल्वर) के साथ पेयर करें। ब्लैक साड़ी (मॉडर्न ट्विस्ट के साथ) में सिक्विन साड़ीः रात की पार्टी के लिए शानदार चमक बिखेरती है।

## सर्दियों में शादी अटेंड करने अपनाएं खास ड्रेस









शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपको भी इस मौसम में कोई शादी अटेंड करनी है, जिसमें आप फैशनेबल भी दिखना चाहती हैं, तो ये लेक आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप खूबसूरत अंदाज भी दिखा सकेंगी और साथ में आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इन हैक्स को फॉलो करने के लिए आपको बस कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं।

## कमर तक लंबे हो सकते हैं आपके बाल, जानें कैसे?

बालों को लम्बा करने के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं ऐसा तेल जो आपके बालों को कमर तक लम्बा करने में सहायता करेगा। साथ ही बताएंगे इसके फायदे। एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि बालों को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो बालों को हर तरह के इन्फेक्शन से बचाता है। सरसों का तेल बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर का काम करता है। बालों को नौरिश करने से लेकर फ्रीजीनेस को कम करने में सहायता करता है। सबसे पहले एक बाउल में बालों की लेंथ के अनुसार सरसों के तेल की निकाल लें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर मिला लें। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिला लें। इस तेल को बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगा लें। इसे आप रात को सोने से पहले इस्तेमाल करें



और सुबह उठते ही बालों को शैम्पू की सहायता से धो लें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर लगाकर बालों को धो सकते हैं। इस तेल को आप हफ्ते में 2 बार तक बालों में लगा सकते हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से आपके बाल लम्बे होने लगेंगे।

## क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही स्टाइल जानिए, पाइए परफेक्ट लुक

फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है। इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं।

इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।

इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी? इसका जवाब है ये पेंट जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?

इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के लिए इसमें जगह होनी चाहिए। अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और



सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें। इसके साथ आप स्लिप स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शू का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।

कार्नर न्यूज

इस मौसम में फैशन के मामले में खुद को रखें आगे

## अधूरे विंटर फैशन को अब कहें बाय-बाय, स्वेटर-जैकेट के अलावा इन्हें पहनकर पाएं कंप्लीट लुक

सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है।

इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशनको अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।

दरअसल, हम एक ही चीज को अधिकतर बार देखते और उसको ही पहनते हैं। इसी वजह से हम उससे बाहर नहीं निकल पाते। इसलिए सर्दी में बस हमारा फैशन स्वेटर, जैकेट, मफलर तक ही सिमटकर रह जाता है। जबकि हमारे पास एक नहीं कई विकल्प हैं।

इन निम्नलिखित चीजों को आप अपने स्वेटर व अन्य विंटर ड्रेस के





साथ भी पहनकर क्लासी और फंकी लुक पा सकते हैं।

कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन (Cardigan) पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

सर्दी के मौसम में लेयरिंग करना जरूरी होता है। इस मौसम में लेयरिंग करने से सर्दी से राहत मिलने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी मिलता है। लेकिन जैकेट के साथ लेयरिंग करने से बेहतर होगा हूडेड श्रग (Hooded Shrug) के साथ करें। ये आपके लुक में थोड़ा नयापन लाएगा।

यदि आपने दोस्तों के साथ पार्टी करने का प्लान किया है तो ऐसे में हूडेड श्रग को पहनकर जाएं। इससे बेहतरीन कैजुअल लुक मिलेगा। ठंड के मौसम में कैजुअल लुक पाने के लिए यह सबसे आसान और बेस्ट है।

### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

### ट्रेंच कोट

सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे।

